हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 29 अगस्त 2025

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया

### दो युवतियां व एक युवक घायल, सकरी में हुआ भीषण हादसा

# रात 2 बजे बेलगाम कार सड़क किनारे चबूतरे को तोड़कर पेड़ से टकराई, एक की मौत



सकरी में दुर्घटनाग्रस्त कार।

**कटर से कार की बाडी काटकर निकाले गए**

**गाड़ी में मिली शराब की बोतल, चखना**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बुधवार की रात दो बजे कार में पार्टी मनाते कोटा की ओर जा रहे कार सवारों की गाड़ी बेलगाम हुई, सकरी में तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे चबूतरे को तोड़ते हुए पेड़ से टकरा गई। उसमें सवार दो युवतियां व दो युवक गंभीर रूप से घायल होकर फंस गए। पुलिस ने गैस कटर से कार की बाडी काटकर चारों को बाहर निकाला, सभी को सिम्स ले जाया गया, जहां डाक्टर ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। वहीं दोनों युवतियों व एक युवक का इलाज चल रहा है।

सकरी टीआई प्रदीप आर्या ने बताया, घुरू निवासी रितेश श्रीवास पिता रामनारायण श्रीवास 32 साल, रामेश्वर मानिकपुरी व दो युवतियां बुधवार की रात सफेद रंग की ब्रेजा क्रमांक सीजी 10 बीएफ, 5935 में सवार होकर कोटा की ओर जा रहे थे। रात 2 बजे उनकी तेज रफ्तार कर सकरी शासकीय स्कूल के पास अनियंत्रित होकर सड़क से उतर गई और चबूतरे को तोड़ते हुए पेड़ से टकरा गई। हादसा इतना भयानक था कि चारों गंभीर रूप से घायल होकर कार के अंदर फंस गए थे। हादसे के बाद लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पर टीआई श्री आर्या स्टाफ के साथ मौके पर पहुंच गए। घायलों को बाहर निकालने प्रयास किया गया, किन्तु चारों बुरी तरह अंदर में फंस गए थे। अंत में गैस कटर मंगाकर कार की बाडी काटकर चारों को बाहर निकाला गया। उसके बाद डायल 112 से उन्हें इलाज के लिए सिम्स ले जाया गया। जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद रितेश श्रीवास को मृत घोषित कर दिया।

वहीं गंभीर अवस्था में दोनों युवतियों व रामेश्वर मानिकपुरी का इलाज चल रहा है। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है।

### गाड़ी में मिली शराब की बोतल

गाड़ी के सामने सीट में एक लड़का एक लड़की व पीछे की सीट में एक युवक व एक लड़की बैठे हुए थे। जांच में गाड़ी के अंदर शराब की बोतल, डिस्पोजल, चखना मिला। डिस्पोजल से शराब की बदबू आ रही थी। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि कार के अंदर शराबखोरी हो रही थी।

# जांच के नाम पर महिलाओं को किया परेशान, हिर्री टीआई सस्पेंड

**बिलासपुर।** आदेश के बाद भी हिर्री टीआई ने त्यौहार के दिन महिला बाइक सवार को रोककर जांच के नाम पर परेशान किया, एसएसपी ने इसे घोर लापरवाही मानते हुए हिर्री टीआई को सस्पेंड कर दिया है।

20 अगस्त को देर रात एसएसपी रजनेश सिंह ने जिले राजपत्रित अधिकारी व थानेदारों की बैठक लेकर विशेषतौर पर त्यौहार के समय चौक चौराहों पर वाहन जांच के निर्देश दिया गया था। यह भी कहा गया था कि महिला व बच्चे सवार वाहनों को जांच के नाम पर नहीं रोकना है। 26 अगस्त को हिर्री टीआई अवनीश पासवान स्टाफ के साथ भोजपुरी टोल प्लाजा के पास सघन वाहन जांच अभियान चला रहे थे। इस दौरान पुलिस ने महिला बाइक सवार को रोककर जांच के नाम पर परेशान किया। महिलाओं ने पुलिस से मायके जाने की बात कहते हुए हाथ जोड़कर छोड़ देने की गुहार लगाई, उसके बाद भी पुलिस कार्रवाई करने में लगी रही। मामला संज्ञान में आने पर एसएसपी रजनेश सिंह ने आदेश की अवहेलना करने पर हिर्री टीआई पासवान को निलंबित कर प्रारंभिक जांच का आदेश दिया है।

### जांच के लिए बना लिया फिक्स पाइंट

पिछले कुछ समय से ट्रैफिक पुलिस ने रिवरव्यू पेड़ के नीचे, महाराणा प्रताप चौक ब्रिज के नीचे, मैग्नेटो मॉल चौक, पुराना बस स्टैण्ड, मंगला बाइपास, कोनी रोड में फिक्स जांच पाइंट बना लिया है। यहां प्रतिदिन पुलिसकर्मी सारा काम छोड़कर केवल वाहन जांच करने में लगे रहते हैं। ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले लोगों को रोककर जांच के नाम परेशान किया जाता है। जरूरी काम बताने पर भी नहीं छोड़ा जाता है। रोजाना वाहन चेकिंग से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।






## खबर संक्षेप

### केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन करेंगे राष्ट्रीय खेल दिवस का शुभारंभ आज

**बिलासपुर।** मेजर ध्यानचंद की स्मृति में 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इस दौरान 29 से 31 अगस्त तक राष्ट्रव्यापी खेल एवं फिटनेस



गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। स्व. बीआर यादव राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र बहतराई में 29 अगस्त को सुबह 7.30 बजे से मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि एवं फिट इण्डिया शपथ और हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। श्री साहू सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। 30 अगस्त को खेलों से संबंधित विषयों पर वाद विवाद, फिटनेस टॉक, स्थानीय स्तर पर प्रचलित इंडोर गेम्स पर स्पर्धा होगी। 31 अगस्त को सायकल रैली निकाली जाएगी।

### डिप्टी सीएम साव का बीजेपी कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**बिलासपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना भारत में ओलंपिक खेल हो इसलिए छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव को खेल एवं युवा कल्याण विभाग का नया दायित्व मिलने के पश्चात प्रथम बिलासपुर आगमन पर बीजेपी कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इसमें सत्यजीत भौमिक, सपन निगम, ज्योतिंद्र उपाध्याय, रविन्द्र उपाध्याय, त्रिवेणी शंकर साहू, आयुष अग्रवाल, मिथलेश पटेल, आदित्य अग्रवाल, कृष्णा साहू ने रायपुर रोड में आतिशबाजी एवं पुष्पहार से उनका स्वागत किया।

### करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल का प्रदेश अध्यक्ष आलोक ने किया स्वागत



**बिलासपुर।** करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल सिंह महाराणा ने 24 अगस्त को करणी सेना छत्तीसगढ़ प्रांत द्वारा रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। यहां प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह परिहार ने उनका स्वागत किया। श्री महाराणा ने पत्रकारों कहा कि कुछ दिनों से करणी सेना की छवि धूमिल करने वालों पर टिप्पणी करते हुए यह स्पष्ट कर दिया गया है के करणी सेना का प्रदेश अध्यक्ष का कमान विगत पांच वर्षों से आलोक सिंह परिहार सम्भाल रहे हैं। अन्य किसी भी शख्स का करणी सेना से कोई सरोकार नहीं। उन्होंने कहा कि अगर कोई भी संगठन अपने नाम के साथ सेना फौज आर्मी जैसे उत्कृष्ट शब्दों का इस्तेमाल करती है तो उनका पंजीकरण का कोई प्रावधान राजपत्र में नहीं है। छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह राष्ट्रीय संगठन द्वारा अनुमोदित एकल करणी सेना के प्रदेशाध्यक्ष हैं।

## एजुकेशन प्लस

### सेंट जेवियर्स हाईस्कूल, व्यापार विहार को मिला अंतरराष्ट्रीय स्कूल अवार्ड




**बिलासपुर।** सेंट जेवियर्स हाई स्कूल, व्यापार विहार को ब्रिटिश काउंसिल से वर्ष 2024 का प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय स्कूल अवार्ड आरआईडीएस पुरस्कार प्राप्त हुआ है। यह कार्यक्रम 25 अगस्त को होटल ले मेरिडियन, नई दिल्ली में आयोजित किया गया, जिसमें ब्रिटिश काउंसिल के प्रबंध निदेशक डनकन विल्सन, सीबीएसई के प्रशिक्षण एवं कौशल शिक्षा निदेशक डॉ. बिस्वजीत साहा, आरआईडीएस प्रबंधन सदस्य, प्राचार्य एवं देशभर के 86 विद्यालयों के समन्वयक मौजूद थे। प्राचार्य जेएस हुंडल ने बताया कि चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक डॉ. जी.एस. पटनायक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. बीबी महता ने समन्वयक आदित्य प्रसाद कटारे एवं सुश्री ऋचा दुआ , सुश्री लेखाश्री पटनायक (निदेशक), डॉ. पी.वी. मिस्री (मुख्य वित्त अधिकारी), सुश्री सुप्रिया ए.पी., सुश्री रंजना बहादुर और सुश्री ए. ललिता ने भी पूरी टीम के कड़ी मेहनत और समर्पण की सराहना की।

### चौकसे कॉलेज में आंतरिक परिवाद समिति की कार्यशाला



**बिलासपुर।** चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज में छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय के अंतर्गत महाविद्यालय के आंतरिक परिवाद समिति द्वारा एमपावरींग अ सेफ एंड रेस्पेक्टफुल कैंपस एनवायरमेंट पर नव-प्रवेशित छात्र छात्राओं के लिए आंतरिक परिवाद समिति के क्रियाकलापों और कार्यप्रणाली की जानकारी कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य वक्ता अधिवक्ता दिव्या जायसवाल थीं। महाविद्यालय के डॉ शरद कुमार कौशिक, प्राचार्य डॉ नितिन जैन मौजूद थे। आंतरिक परिवाद समिति की अध्यक्षा डॉ शुभलक्ष्मी तिवारी ने बताया कि किसी संस्था में कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के विरुद्ध कानूनों के बारे में कर्मचारियों और संगठनों को शिक्षित करने पर केंद्रित होती हैं। मुख्य वक्ता अधिवक्ता दिव्या जायसवाल ने छात्र छात्राओं को क़ानूनी प्रावधान जिसमें कर्मचारियों को पॉश अधिनियम के तहत उनके अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में बताया। उन्होंने छात्राओं से कहा कि सबसे बड़ी जिम्मेवारी आप कि है आप लोगों को अन्याय न सहना है न होने देना है। आपको अपने लिए आवाज उठानी पड़ेगी।

**राज्य शासन ने जारी किया आदेश** — सीधे नदी के प्रवाहित जल में विसर्जन की मनाही

# गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए नदी में अस्थायी कुंड बनाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बिलासपुर

गणेश प्रतिमा का विसर्जन नदी के प्रवाहित जल में करने के बजाय अस्थायी कुंडों में कराने के निर्देश जारी किए गए हैं। इसके लिए नदी के तट पर एक किनारे घेराबंदी या बाऊंड्रीवाल कर अस्थायी कुंड या तालाब तैयार करना होगा, ताकि विसर्जन के दौरान पूरी नदी प्रदूषित न हो। इस संबंध में शासन द्वारा संचालक नगरीय प्रशासन को पत्र जारी किया गया है।

शहर में गणेशोत्सव की धूम प्रारंभ हो चुकी है। सार्वजनिक गणेशोत्सव समितियों द्वारा आमतौर पर प्रतिमा का विसर्जन अनंत चतुर्दशी से प्रारंभ किया जाता है। इसके विपरीत घर में स्थापित गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला तीन दिनों बाद ही प्रारंभ हो जाएगा। गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए शासन द्वारा दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, ताकि नदी का पानी किसी भी स्थिति में प्रदूषित न हो। शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार मूर्तियों का विसर्जन सीधे तौर पर नदी में नहीं किया जाना है। इसके लिए संबंधित नगर-निगम, पालिका या नगर पंचायतों को क्षेत्र की



नदियों में तट पर एक किनारे बांस-बल्ली लगाकर या अन्य तरीके से घेराबंदी कर नदी को एक अस्थायी कुंड या तालाब का रूप देना है। सारी प्रतिमाएं तैयार किए गए अस्थायी कुंड में ही विसर्जित की जानी हैं। इस दौरान विसर्जन से पूर्व ही सजावट की सारी सामग्री प्रतिमा से उतार लेनी है, वहीं फूल व कागज जैसे सामान भी किनारे ही उतार लेना है। शासन द्वारा जारी निर्देशों में स्पष्ट तौर पर कहा गया है कि विसर्जन स्थल पर उतारी गई सजावट की सामग्री को जलाना भी पूरी तरह प्रतिबंधित है।

### दिए गए हैं निर्देश

गणेश व दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन सीधे नदी में करना प्रतिबंधित है। नदी पर अस्थायी कुंड या तालाब बनाने होंगे। यहीं विसर्जन करने संबंधी निर्देश जारी किए गए हैं। निर्देश के पालन के लिए नगर निगम प्रशासन के साथ मिलकर संयुक्त रूप से कार्य किया जा रहा है।

**-रश्मि श्रीवास्तव**
क्षेत्रीय अधिकारी पर्यावरण विभाग

### शहर के चार विसर्जन स्थलों से होती है पानी की सैंपलिंग

क्षेत्रीय पर्यावरण विभाग द्वारा गणेश व दुर्गा विसर्जन के दौरान नदी के पानी का सैंपल इकट्ठा करके तीन बार जांच की जाती है। इसके अंतर्गत शहर के चार विसर्जन स्थलों पचरीघाट, छठघाट, देवरीखुर्द चेकडेम एवं शिवमंदिर सेंदरी से पानी के सैंपल लिए जाते हैं। विभाग द्वारा सैंपलों की जांच के अनुसार गणेश विसर्जन के दौरान नदी में पर्याप्त बहाव होने के कारण पानी में कोई पदूषण नहीं पाया गया। इसके विपरीत दुर्गा विसर्जन के दौरान मिट्टी घुलने के बाद पानी में मटमैलेपन की शिकायत आई थी। विभाग के अनुसार प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्तियों पर प्रतिबंध लगने के बाद जल प्रदूषण में काफी हद तक कमी आई है।

खाद्य विभाग ने चलाया छापामार अभियान

# तीन संस्थानों में खाद्य विभाग का छापा, 41 सिलेंडर जब्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बिलासपुर

अवैध गैस रिफिलिंग से होने वाली आगजनी की दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए खाद्य विभाग द्वारा गुरूवार को इस काम से जुड़े संस्थानों में छापामार कार्रवाई की गई। इसके अंतर्गत शहर व कोनी को मिलाकर तीन संस्थानों से 41 गैस सिलेंडर सहित अवैध रिफिलिंग की सामग्री जब्त की गई है। त्योहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए विभाग की यह कार्रवाई फिलहाल जारी रहेगी।

- त्योहारी सीजन के मद्देनजर लगातार जारी रहेगी कार्रवाई

रक्षाबंधन के बाद त्योहारों का सिलसिला प्रारंभ हो चुका है। ऐसे में न केवल घर, बल्कि छोटे से बड़े होटलों में भी गैस की खपत बढ़ने लगी है। ऐसे में अवैध रिफिलिंग कर गैस सिलेंडर की बिक्री करने के मामलों में भी बढ़ोतरी से इंकार नहीं किया जा सकता। अवैध रिफिलिंग के दौरान आगजनी की घटनाओं की आशंका को ध्यान में रखकर कलेक्टर संजय अग्रवाल द्वारा खाद्य विभाग को छापामार अभियान चलाने के निर्देश दिए गए थे। खाद्य विभाग द्वारा गुरूवार को अवैध रिफिलिंग के व्यवसाय से जुड़े शहर व आसपास के विभिन्न संस्थानों में छापेमारी की गई। इसके अंतर्गत पुराने बस स्टैण्ड स्थित आशीष ट्रेडर्स से 10 नग सिलेंडर, कोनी स्थित शुभम किचन केयर एंड गैस रिपेयर नामक संस्थान से 13 नग घरेलू सिलेंडर एवं कोनी के ही आर्य फ्रिज एवं गैस चूल्हा रिपेयर नामक संस्थान से 18 नग घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किया गया है। इन सभी मामलों में द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस, प्रदाय एवं वितरण विनियमन आदेश 2000 का उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।




कार्रवाई करते खाद्य विभाग के अधिकारी।

### जारी रहेगी कार्रवाई

त्योहारी सीजन में किसी भी तरह की आगजनी जैसी अप्रिय घटनाओं की रोकथाम के लिए कलेक्टर के निर्देशानुसार शहर के विभिन्न संस्थानों में छापामार कार्रवाई की गई है। इस कार्रवाई में तीन संस्थानों से 41 गैस सिलेंडर सहित अवैध गैस रिफिलिंग की सामग्री जब्त की गई है। छापामारी की कार्रवाई अभी जारी रहेगी।

**-अमृत कुजूर**, खाद्य नियंत्रक

## फसल बीमा कराने से 19 हजार किसानों का इनकार

**बिलासपुर।** किसान क्रेडिट कार्ड के अंतर्गत लोन लेते समय जिले के 19 हजार किसानों ने प्रधानमंत्री फसल बीमा के विकल्प पर साफ तौर पर असहमति जता दी है। किसानों की शिकायत है कि बीमा कंपनी द्वारा बीमा की रकम तो किसान से व्यक्तिगत तौर पर ली जाती है, लेकिन फसल खराब होने पर बीमा का क्लेम किसान की व्यक्तिगत फसल को न देखकर गांव के औसत उत्पादन के आधार पर तय किया जाता है। यही कारण है कि फसल बीमा को लेकर किसानों की दिलचस्पी लगातार कम हो रही है।

खरीफ सीजन के लिए किसान क्रेडिट कार्ड से लोन लेने वाले किसानों से प्रधानमंत्री फसल बीमा के लिए अनिवार्य रूप से सहमति प्राप्त की जाती है। जिले में इस साल अब तक 52 हजार 325 किसानों ने किसान क्रेडिट कार्ड से 192 करोड़ 68 लाख रूपए का लोन लिया प्राप्त कर लिया है, लेकिन इनमें प्रधानमंत्री फसल बीमा के लिए हामी भरने वाले किसानों की संख्या केवल 33 हजार 388 है। इसके विपरीत 18 हजार 933 किसानों ने अपनी फसल का बीमा कराने से साफ तौर पर इंकार कर दिया है।जिले में इस साल भी एचडीएफसी इरगो नामक संस्थान द्वारा किसानों का फसल बीमा कराया जा रहा है। इसके अंतर्गत किसानों को सिंचित भूमि होने पर 12 सौ रूपए प्रति हेक्टेयर एवं असिंचित भूमि के लिए 860 रूपए प्रति हेक्टेयर का भुगतान बीमा कंपनी को करना होगा। केसीसी लोन लेने समय किसानों से एक सहमति पत्र फसल बीमा का भी भरवाया जाता है। इसके अंतर्गत बीमा कराने के लिए सहमति देने वाले किसान को बीमे की रकम व्यक्तिगत तौर पर तत्काल जमा करनी होती है। इधर फसल खराब हो जाने के बाद क्लेम करने की स्थिति में बीमा कंपनी द्वारा किसान की फसल का नुकसान देखने के बजाए किसान को क्लेम का भुगतान करने के लिए उस गांव की औसत फसल उत्पादन का आंकलन किया जाता है। इस स्थिति में ज्यादातर किसानों को उनकी खराब फसल का क्लेम ही नहीं मिल पाता। यही कारण है कि किसान अब फसल बीमा से परहेज करने लगे हैं।




- क्लेम नहीं मिलने के कारण लोन लेने से परहेज कर रहे जिले के किसान, 33 हजार किसानों ने कराया फसल बीमा

### सितंबर तक जारी होगा केसीसी लेकिन अब बीमा अनिवार्य

किसानों को खरीफ फसल के लिए केसीसी जारी करने का समय अप्रैल से सितंबर माह निर्धारित है। इसके अंतर्गत केसीसी लेते समय फसल बीमा के लिए सहमति या असहमति का विकल्प दिया जाता है, लेकिन यह केवल अप्रैल से जुलाई तक की अवधि तक के लिए ही था। चूंकि अभी केसीसी वितरण का समय 30 सितंबर तक शेष है, लेकिन 31 जुलाई के बाद जिन किसानों को केसीसी जारी किया जाएगा उन्हें अनिवार्य रूप से फसल बीमा कराना ही होगा। उनके सामने अब फसल बीमा के लिए सहमति या असहमति का विकल्प नहीं होगा।

## केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मिला चेंबर का प्रतिनिधिमंडल

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स के मीडिया प्रमुख राम सुखीजा के अनुसार 28 अगस्त को नई दिल्ली में चेम्बर अध्यक्ष सतीश थॉरानी के नेतृत्व मे केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारामण से मुलाक़ात कर जीएसटी सरलीकरण से संबंधित 21 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया।



इस भेंट वार्ता में जीएसटी प्रणाली के सरलीकरण और युक्तियुक्तकरण से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई। प्रतिनिधिमंडल जीएसटी काउंसलिंग के पूर्व बैठक से वित्त मंत्री को ज्ञापन सौंपा। जिसमें जीएसटी प्रणाली को और अधिक व्यापारी-हितैषी बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। ज्ञापन में छोटे और मध्यम व्यापारियों को होने वाली परेशानियों पर ध्यान केंद्रित किया गया है। संरक्षक पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी, कार्यकारी अध्यक्ष राजेश वासवानी ने व्यापारियों को होने वाली परेशानियों से अवगत कराया। चेंबर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने बताया कि वित्त मंत्री ने आश्वासन दिया कि सरकार व्यापारियों के हितों का ध्यान रखेगी और जीएसटी प्रणाली को सरल बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाएगी। इस अवसर पर चेंबर संरक्षक श्रीचंद सुंदरानी, प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी, कोषाध्यक्ष निकेश बरडिया, सलाहकार लाभचंद बाफना, वाइस चेयरमेन चेतन तारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष राधाकिशन सुंदरानी, राजेश वासवानी, ललित जयसिंघ, जसप्रीत सिंह सलूजा, सीए रवि ग्वालानी, सीए विकास प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। ललित जैसिंग का केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण को धन्यवाद दिया।

### एसईसीएल ने चोरी के मामले में कर्मियों को किया निलंबित

**बिलासपुर।** एसईसीएल सतर्कता विभाग ने कंपनी की संपत्ति की चोरी में संलिप्त कोरबा के 4 कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। एसईसीएल के सतर्कता विभाग ने सूत्रों से प्राप्त जानकारी के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए कंपनी की संपत्ति की चोरी में संलिप्त कर्मियों की पहचान की है।

जानकारी के अनुसार कोरबा क्षेत्र की राजगमार एवं ढेलवाड़ीह खदानों के कुछ कर्मियों द्वारा स्टोर से सामान इशू करवाने के बाद लोहे/स्क्रैप को कबाड़ी की दुकानों पर बेचे जाने की गतिविधियां सामने आई थीं। सतर्कता विभाग की टीम ने संबंधित गाड़ियों की संख्या के आधार पर जांच कर दोषी कर्मियों की पहचान की। कोरबा क्षेत्रीय प्रबंधन ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए दोषी पाए गए 4 कर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। एसईसीएल प्रबंधन कंपनी की संपत्ति की सुरक्षा और पारदर्शिता के लिए प्रतिबद्ध है। इस प्रकार की गतिविधियों के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति अपनाता है। प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी इस तरह की किसी भी अनियमितता या भ्रष्टाचार को कड़े स्तर पर निपटाया जाएगा। विदित हो कि इससे पहले एसईसीएल की कॉलोनियों में अवैध बिजली कनेक्शन को लेकर भी सतर्कता विभाग द्वारा कार्रवाई की गई थी। इसके साथ ही प्रोजेक्ट डिजीकोल के अंतर्गत आधुनिक सेंसर तकनीक से डीजल चोरी जैसी गतिविधियों पर भी लगाम लगाने की दिशा में पहल की है।

## अनवय ने इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज किया नाम



**बिलासपुर।** महज 6 साल के अनवय अग्रवाल ने इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में नाम दर्ज कर शहर में परचम लहराया है। मास्टर अनवय अग्रवाल ने 27 जून को भारत के तत्कालिक प्रधानमंत्रियों के नाम सन 1947 से 2025 तक मात्र 9 मिनट 85 सेंकड में फास्टेट बोलकर इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज कर अग्रवाल समाज एवं बिलासपुर को गौरवान्वित किया है। जिसका टीवी प्रसारण नेशनल न्यूज चैनल में 24 जुलाई को किया गया था। अनवय ने इसक पहले भी शतरंज प्रतियोगिता में प्रथम पुरूस्कार प्राप्त कर कीर्तिमान स्थापित किया है।

**यूजी में एडमिशन के लिए दो बार हो चुकी है आनलाइन काउंसिलिंग**

## सीयू में रिक्त 1400 सीटों को भरने आफलाइन काउंसिलिंग आज

**बिलासपुर।** गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में यूजी के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए दो बार आनलाइन काउंसिलिंग के बाद भी लगभग 1400 सीटें खाली रह गई हैं, इसलिए इन रिक्त सीटों को भरने के लिए यूनिवर्सिटी ने थर्ड राउंड में गुरुवार को आफलाइन काउंसिलिंग आयोजित की है।

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में यूजी पाठ्यक्रमों की खाली बची 1400 सीटों के लिए सीयूईटी स्कोर के आधार गुरुवार को आफलाइन काउंसिलिंग रखी गई है। गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में सीयूईटी आधार पर दो राउंड आनलाइन काउंसिलिंग हो चुकी है। सेंट्रल यूनिवर्सिटी में यूजी पाठ्यक्रमों में कुल 2 हजार 159 सीटें हैं। इसमें दो राउंड आनलाइन काउंसिलिंग बाद करीब 700 सीटों पर ही एडमिशन हो पाया है, जबकि 1400 सीटें बची हुई है। इसके लिए थर्ड राउंड में आफलाइन काउंसिलिंग में विद्यार्थियों को बुलाया गया है। थर्ड राउंड के आफलाइन काउंसिलिंग में जिन-जिन विद्यार्थियों बुलाया गया है उन्हें पहले ही यूनिवर्सिटी की ओर सूचना भेज दी गई है और गुरुवार को सुबह 9 बजे विद्यार्थियों को संबंधित टीचिंग डिपार्टमेंट में उपस्थित होने कहा गया है। सेंट्रल यूनिवर्सिटी में सत्र 2025-26 के लिए 26 यूजी पाठ्यक्रमों सहित 01 डिप्लोमा पाठ्यक्रम के लिए प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। इसमें कला स्नातक ऑनर्स मानव विज्ञान, कला स्नातक ऑनर्स अर्थशास्त्र, कला स्नातक ऑनर्स हिंदी, कला स्नातक ऑनर्स इतिहास, कला स्नातक ऑनर्स पत्रकारिता एवं जनसंचार, कला स्नातक ऑनर्स राजनीति विज्ञान, कला स्नातक ऑनर्स अंग्रेजी, बीबीए, वाणिज्य स्नातक ऑनर्स वाणिज्य, बीसीए, बीए एलएलबी, बीकॉम एलएलबी, फार्मेसी स्नातक, विज्ञान स्नातक ऑनर्स मानव विज्ञान, विज्ञान स्नातक ऑनर्स जैव प्रौद्योगिकी, विज्ञान स्नातक ऑनर्स वनस्पति विज्ञान, विज्ञान स्नातक ऑनर्स रसायन विज्ञान, विज्ञान स्नातक ऑनर्स कंप्यूटर विज्ञान, विज्ञान स्नातक ऑनर्स इलेक्ट्रॉनिक्स, विज्ञान स्नातक विज्ञान ऑनर्स भौतिकी, विज्ञान स्नातक ऑनर्स फोरेंसिक विज्ञान, विज्ञान स्नातक ऑनर्स वानिकी, विज्ञान स्नातक ऑनर्स गणित, विज्ञान स्नातक ऑनर्स ग्रामीण प्रौद्योगिकी, विज्ञान स्नातक ऑनर्स प्राणी विज्ञान, समाज कार्य स्नातक समाज कार्य एवं डिप्लोमा फार्मेसी पाठ्यक्रम शामिल हैं।

**रजिस्ट्रार से मिलकर प्राइवेट वालों से मनमानी फीस वसूली पर जताया विरोध**

## कालेजों में प्रवेश तिथि बढ़ाने की मांग लेकर यूनिवर्सिटी पहुंचे छात्र

**बिलासपुर।** कालेजों में प्रवेश की तिथि बढ़ाए जाने की मांग को लेकर गुरुवार को एनएसयूआई से जुड़े छात्र अटल यूनिवर्सिटी पहुंचे थे। छात्रों ने यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार तार्निश गौतम से मिलकर निजी कालेजों द्वारा प्राईवेट वाले छात्रों से मनमाना फीस वसूली किए जाने के खिलाफ शिकायत भी की है।

यूनिवर्सिटी पहुंचे छात्रों का कहना है कि कालेजों में 55 प्रतिशत सीटें खाली हैं तो यूनिवर्सिटी की जिम्मेदारी बनती है कि प्रवेश की तिथि बढ़ाकर छात्रों को एडमिशन लेने का अवसर दिया जाए। यदि तिथि नहीं बढ़ाई गई तो हजारों छात्रों का भविष्य अंधकार में चला जाएगा। प्रवेश की तिथि बढ़ाया जाना छात्रहित में है। छात्रों ने कम से कम 15-20 दिनों और प्रवेश की तिथि बढ़ाने की मांग रखी है। इसके अलावा प्राइवेट कालेजों के खिलाफ यह शिकायत भी की गई है कि प्राइवेट कालेजों द्वारा स्वाध्यायी छात्रों से मनमाना फीस वसूली जा रही है, जिस पर तत्काल रोक लगाई जाए। प्राइवेट कालेजों द्वारा स्वाध्यायी छात्रों से 2 हजार रुपए से 6 हजार रुपए तक अतिरिक्त फीस प्रयोगशाला, प्रैक्टिकल, लाइब्रेरी, सीटिंग मैनेजमेंट के नाम पर वसूला जा रहा है। छात्रों ने इसकी जांच



कर कालेजों से राशि वापस कराने की मांग की है। इस पर अटल यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार तार्निश गौतम ने प्रवेश तिथि बढ़ाने के संबंध में उच्च शिक्षा विभाग से जल्द ही उचित निर्णय होने की बात कही है। आज यूनिवर्सिटी पहुंचने वालों में एनएसयूआई के लोकेश नायक, शुभम जायसवाल, प्रवीण साहू, सुबोध नायक, विपिन साहू, सुप्रीत बनर्जी, आशीष पटेल, क्रिश बाजपेयी, चिराग, अमन, अथर्व मराठा, पुष्पराज यादव, पुष्कर पाल, आवेश, उमेश चंद्रवंशी, प्रत्यूश कुर्रे, हर्ष तिवारी, आर्यन दुबे, आकाश, लोकेश साहू आदि छात्र शामिल थे।

## खबर संक्षेप

### जनप्रतिनिधियों ने डिप्टी सीएम से की स्कूल भवन की मांग



**धरमपुरा।** मुंगेली जनपद सभापति पवन पांडेय व ग्राम भठलीकला के सरपंच प्रतिनिधि देवी प्रसाद साहू ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव से उनके निवास में जाकर मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने गांव के ग्राम विकास और स्कूल की मांग लेकर चर्चा की। डिप्टी सीएम श्री साव ने जनप्रतिनिधियों को आश्वस्त किया उनकी मांगों शीघ्र पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पंच एवं ग्रामवासी बलदाऊ ध्रुव, बिहारी साहू, हेमंत, हेमलाल कश्यप, भगत ध्रुव, ललित ध्रुव, दिनेश ध्रुव, तेजराम यादव, छन्नू लाल कश्यप, आजु कश्यप, राजाराम कश्यप, राजेश कश्यप, लखन साहू, गुल्ला साहू, छेदूराम यादव, रामजी यादव, नानदाऊ ध्रुव, दुलारी साहू, भागवत कश्यप, राज साहू उपस्थित रहे।

### ब्लॉक पत्रकार संघ ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा



**बिल्हा।** नगर में हो रही अनियमितताओं को लेकर ब्लॉक पत्रकार संघ के पदाधिकारियों ने गुरुवार को एसडीएम आकांक्षा त्रिपाठी से मुलाकात की और वस्तु स्थिति से उन्हें अवगत कराया। संघ के द्वारा बिल्हा रेस्ट हाउस में के संबंध में लिखित रूप से शिकायत की एवं उस पर तत्काल कार्रवाई की मांग भी की। एसडीएम आकांक्षा त्रिपाठी ने शिकायत के निराकरण के लिए तत्काल विभागीय अधिकारी तहसीलदार को निर्देशित करते हुए दिशा निर्देश दिया। इस मौके पर विनोद वर्मा, दशरथ सन्नाट कमल गर्ग, सुमित केडिया, योगेश शर्मा, कमलेश पांडे, हरीश गुप्ते, हेमंत पांडे, अमित दीक्षित एवं गंगा राम निर्मलकर सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।

### हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में मिला युवक का शव

**पेंड्रा।** थाना क्षेत्र के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया।



कॉलोनी निवासियों ने शव मिलने की सूचना पेंड्रा पुलिस को दी। शव की पहचान गौरेला मंगली बाजार निवासी शंकर साहू के रूप में हुई है। उनके बेटे ने शव की पहचान की। शंकर साहू पिछले तीन दिनों से घर नहीं लौटे थे। परिजनों ने उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट गौरेला थाने में दर्ज कराई थी। एसडीओपी दीपक मिश्रा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### फास्टरपुर सेतगंगा के थाना प्रभारी यादव ने संभाला पदभार

**सेतगंगा/मुंगेली।** फास्टरपुर सेतगंगा के नवपदस्थ थाना प्रभारी गिरिजा शंकर यादव ने पदभार संभाला। क्षेत्र में अपराधियों पर सख्ती का संदेश दिया। गत दिवस बुधवार को फास्टरपुर सेतगंगा थाना के नवपदस्थ प्रभारी गिरिजा शंकर यादव ने अपना पदभार ग्रहण किया। पद ग्रहण करने के बाद उन्होंने थाना परिक्षेत्र का भ्रमण कर स्थिति का मुआयना किया। श्री यादव ने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी स्थिति में अपराधियों को पनपने नहीं दिया जायेगा। अपराध पर कड़ी नजर रखी जाएगी। आगे उन्होने कहा कि क्षेत्र में अमन चैन की स्थिति को बहाल किया जाएगा। सभी नागरिकों को सुरक्षा उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने जनता से सहयोग की अपील करते हुए विश्वास दिलाया है कि पुलिस पूरी तत्परता से अपराध नियंत्रण और क्षेत्र की सुरक्षा में जुटी रहेगी।



## राज्य शिक्षक सम्मान के लिए मुंगेली व लोरमी की शिक्षिका का चयन

# शिक्षा, साहित्य व समाज सेवा में दुर्गा की दिव्यांगता नहीं बनी बाधक

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

लोक शिक्षण संचालनाय राज्य शिक्षक सम्मान पुरस्कार समारोह वर्ष 2025 में चयनित 64 शिक्षकों का राज्यपाल रमेन डेका के हाथों सम्मान किया जाएगा। इस सम्मान के लिए मुंगेली सुधारानी शर्मा एवं लोरमी से दुर्गा तिवारी के नाम का चयन किया गया है। प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी राज्य शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन 5 सितम्बर को रायपुर में स्थित राजभवन के दरबार हॉल में किया जाएगा।



लोरमी ब्लाक की दुर्गा तिवारी की नियुक्ति शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला गोंड़खाम्ही में व्याख्याता एलबी के रूप में 21 जून 2005 को हुआ इसके बाद 13 फरवरी 2014 को इनकी पदोन्नति हुई। मानस ग्राम सारधा की पुण्यधरा में श्रीमती कौशल्या देवी एवं पंडित चंदूलाल तिवारी के घर द्वितीय पुत्री के रूप में 6 मई 1979 को जन्मी दुर्गा बाएं पैर से दिव्यांग हैं। इनकी दिव्यांगता इनके लिए और उनके परिवार के लिए एक चुनौती थी। इन्होंने कभी हार नहीं मानी। इन्होंने अपनी दिव्यांगता की इस चुनौती को स्वीकार करते हुए निरंतर आगे बढ़ती गई। इस प्रकार इन्होंने अपने जीवन की यात्रा एक शिक्षिका के रूप में आरंभ की। 24 अप्रैल 1999 को शिक्षा गारंटी ₹गुरुजी₹ के पद पर उनकी नियुक्ति हुई। भवनविहीन स्कूल होने के कारण इन्होंने कक्षा का संचालन अपने ही घर में 6 वर्ष तक किया। 24 जून 2005 को इनकी नियुक्ति शासकीय उन्नत कन्या शाला झफल में शिक्षा कर्मी वर्ग 2 के पद पर हुई। 2 वर्ष तक इन्होंने यहां सेवा दी। उसके बाद शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय मजगांव में इन्होंने 7 वर्ष सेवा दी। इन्होंने बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने बालिकाओं को समाज के मुख्य धारा से जोड़ने हेतु सहेली शाला प्रभारी के रूप में 6 वर्ष तक कार्य किया। वर्तमान में वे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोंडखाम्ही में व्याख्याता एलबी के पद पर पदस्थ हैं। ये स्काउट गाइड प्रभारी हैं। कोरोना काल में इन्होंने ऑनलाइन क्लास के माध्यम से बच्चों को पढ़ाई से जोड़े इन्होंने 1376 ऑनलाइन क्लास ली और 76629 बच्चों को लाभान्वित किया। इन्होंने मोहल्ला क्लास भी संचालित किया। दुर्गा तिवारी अपने शिक्षकीय जीवन के 19 वर्षों से विद्यालय, संकुल, डाइट पेंड्रा तथा राज्य सरकार द्वारा अनेक बार सम्मानित करने के साथ 2011 में सर्वश्रेष्ठ अस्थि बाधित कर्मचारी राज्य स्तरीय पुरस्कार से पुरस्कृत हो चुकी है। शिक्षा व साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु मुंगेली जिला कलेक्टर डॉ संजय अलंग, किरण कौशल और अजीत बसंत द्वारा सम्मानित हो चुकी हैं। इसी प्रकार समाज सेवा व साहित्यकार के रूप में दो बार छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग रायपुर से सम्मानित हो चुकी है। तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉक्टर रमन सिंह , विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक, शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, शहरी आवास और विकास मंत्री तोखन साहू द्वारा इनको सम्मानित किया जा चुका है।

#### उपलब्धियां

सर्वश्रेष्ठ निःशक्त कर्मचारी पुरस्कार छग शासन द्वारा सम्मान, 2016 में साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु मुंगेली कलेक्टर संजय अलंग द्वारा सम्मान, 2017 में 'शिक्षा' के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु मुंगेली कलेक्टर किरण कौशल द्वारा सम्मान। 2018 में राजभाषा आयोग द्वारा कवि सम्मेलन में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु सम्मान । 2020 में करोना काल में नियमित आनलाइन कक्षाएं लेने हेतु छग शासन द्वारा प्रमाण पत्र, 2021 में 'उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान जिला कलेक्टर मुंगेली अजीत बसंत हारा प्रमाणपत्र। 2021 में शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छग द्वारा नारी शक्ति प्रतिभा रत्न सम्मान, 2021 में छत्तीसगढ़ वर्चुअल योग मैराथन पर सहभागिता हेतु प्रमाणपत्र, 2021 में विकास खंड शिक्षाधिकारी लोरमी द्वारा कोरोना फाइटर आनलाइन साप्ताहिक कार्यक्रम में सहभागिता हेतु सम्मान, 2021 में वृक्षारोपण पर उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु सम्मान, 2022 में छत्तीसगढ़ राज्य 'शिक्षा भूषण' सम्मान,-2023 में हिंदी सेवी सम्मान, 2024 में शिक्षाविद सम्मान प्रेरणा हिंदी प्रचारिणी सभा द्वारा दिया गया।

## सरकारी स्कूल के महत्व को जन-जन पहुंचाने के विशेष प्रयास में जुटी सुधारानी



**मुंगेली।** राज्य शिक्षक पुरस्कार राज्यपाल अवार्ड से शिक्षिका सुधा रानी शर्मा सम्मानित होगी। जिले से शासकीय प्राथमिक शाला करही की शिक्षिका सुधारानी शर्मा को शैक्षिक, समाज सेवा, सहित लेखन के क्षेत्र में किए गए विभिन्न कार्यों में उल्लेखनीय योगदान को देखते हुए उनका चयन किया गया। बच्चों के शैक्षिक गुणवत्ता में वृद्धि, पुतली कला के द्वारा नवीन विषयों की जानकारी मनोरंजक तरीके से देना और स्कूल का वातावरण रूचिकर बनाने और प्रत्येक बच्चे को सरकारी स्कूल के प्रति लगाव एवं सरकारी स्कूल के महत्व को जन-जन पहुंचाने में विशेष प्रयास हेतु, राष्ट्रीय शिक्षा नीति एनईपी 2020 पर कार्य एवं विषय आधारित प्रशिक्षण हेतु प्रदान किया गया। इन्हे मुंगेली गौरव सम्मान, उत्कृष्ट शिक्षक, आदर्श शिक्षक, नवाचारी शिक्षक के साथ ही मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण, शिक्षादूत का सम्मान मिला। पठन पाठन में रूचि के चलते पिछले 17 वर्षों से एक भी अवकाश नहीं लिया है। श्रीमती शर्मा ने अपनी इस उपलब्धि पर, सतत कार्यो, मेहनत, ईमानदारी के साथ ही हर कदम पर साथ निभाने वाले, उनके पति विजय कुमार शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया। जिन्होंने नारी के मान सम्मान, नारी सशक्तिकरण उनकी योग्यता, शिक्षा एवं संस्कारों का हर कदम पर मान रखा और इसलिए राज्यपाल पुरस्कार से नवाजा जाएगा। जिले को गौरवान्वित होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

## चंद्रप्रकाश को मिला वेलनेस न्यूरोथेरेपी प्रशिक्षण प्रमाण पत्र

**लोरमी।** दिल्ली स्थित 'आरोग्य पीठ' के तत्वावधान में श्रीगुरु रामराय उदासीन आश्रम, आराम बाग में 14वां वेलनेस न्यूरोथेरेपी दिवस एवं 12वां दीक्षांत समारोह का आयोजन हुआ। इस अवसर पर देशभर से 200 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें लोरमी ग्रामीण अंचल के होनहार छात्र चंद्रप्रकाश कोशरिया को प्रशिक्षण प्रमाण मिला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता रहीं। उन्होंने कहा कि, जहां एलोपैथी और अन्य चिकित्सा पद्धतियों का मार्गदर्शन समाप्त हो जाता है, वहीं से न्यूरोथेरेपी की शुरुआत होती है।साथ ही उन्होंने दिल्ली में न्यूरोथेरेपी के और अधिक केंद्र स्थापित करने की आवश्यकता पर बल दिया। इस राष्ट्रीय आयोजन में छत्तीसगढ़ से एकमात्र प्रतिभागी चंद्रप्रकाश कोशारिया ने प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया, जिन्हें आरोग्य पीठ की ओर से अर्धनारीश्वर चिकित्सा वेलनेस न्यूरोथेरेपी के दर्शन निदान प्रशिक्षण का प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। यह प्रशिक्षण 22, 23 और 24 अगस्त 2025 तक आयोजित था। होनहार युवा चंद्रप्रकाश कोशारिया फिटनेस ट्रेनर, एडवांस पर्सनल ट्रेनर, कायरोप्रैक्टर, ताइक्वांडो ब्लैक बेल्ट, पावर मूव्स एवं एरोबिक, आयुर्वेदिक न्यूट्रिशन एवं डाइट, न्यूरोथेरेपिस्ट तथा एडवांस न्यूट्रिशन एवं डाइटीशियन सर्टिफाइड ट्रेनर हैं। वे अब तक के खेल, थेरेपी, फिटनेस, हेल्थ से संबंधित 50 से अधिक प्रमाण पत्र प्राप्त कर चुके हैं।

## वार्ड क्रमांक 8 के लोगों ने पंचायत दफ्तर के सामने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मल्हार



वार्ड पार्षद ने लोगों के साथ नगर पंचायत कार्यालय पहुंचकर अपनी मांगों को लेकर कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया। दरअसल नगर पंचायत द्वारा नगर विकास व अति आवश्यक कार्यो में कोई रुचि नहीं ली जा रही है जिससे नगरवासियों में आक्रोश बढ़ते जा रहा है।

इसी को लेकर गुरुवार को वार्ड 8 के पार्षद पीयूष पाटले अपने वार्डवासियों के साथ नगर पंचायत कार्यालय में सीएमओ भेंट करने के लिए गए परन्तु सीएमओ व इंजीनियर तथा कुछ कर्मचारी कार्यालय नहीं आए थे। उस समय कार्यालय का मुख्य गेट लगभग बंद था। ज्ञात हो कि पार्षद पीयूष ने चार माह पूर्व 8 मई व 1 अगस्त को अपने वार्ड की समस्याओं को लेकर सीएमओ को आवेदन दिया था परन्तु 4 माह के भीतर भी उक्त आवेदन पर कोई कार्यवाही नहीं की गई। इसी के तहत अपने वार्ड के लोगो के साथ कार्यालय गए थे परन्तु कार्यालयीन दिवस होने के बावजूद अधिकारी कर्मचारी नहीं आए थे। वार्ड 8 अनुसूचित जाति का बाहुल्य वाला वार्ड है जो डिडनेश्वरी मार्ग में ही स्थित है। इस वार्ड की समस्याओं में स्ट्रीट लाइट का नहीं जलना, अति आवश्यक नाली निर्माण का नहीं होना, मुख्य नाली की सफाई नहीं होना तथा वार्ड की निरन्तर सफाई नहीं होना आदि प्रमुख है। जिसके चलते वार्डवासी गन्दगी, बदबू व मच्छरों से खासे परेशान है यही समस्या कमोबेश नगर के सभी 15 वार्डो की है।

#### पंचायत में फंड नहीं

नगर पंचायत में पैसा नहीं होने के कारण नाली सहित कोई भी निर्माण कार्य नहीं हो रहा है। बात रही सफाई की तो जितने भी सफाई कर्मचारी हैं वे सभी सफाई में प्रतिदिन लगे हैं।

-मनीष सिंह, सीएमओ नपं मल्हार।

## उपमुख्यमंत्री की पहल पर 1 करोड़ 40 लाख स्वीकृत

- चार गांवों में बनेगा सीसी रोड व नाली

**लोरमी।** क्षेत्रीय विधायक एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव की अनुशंसा पर मुख्यमंत्री ग्राम गौरवपथ योजना के तहत योजना के तहत पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की ओर से जनपद पंचायत के विभिन्न गांवों में सीसी रोड सह नाली निर्माण कार्यो की स्वीकृति प्रदान की गई। इसके तहत ग्राम पंचायत परसाकापा में 500 मीटर सीसी रोड व नाली निर्माण लागत 46.46 लाख, ग्राम गोल्हापारा में 350 मीटर सीसी रोड व नाली निर्माण लागत 32.75 लाख, ग्राम साल्हेघोरी में 350 मीटर सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य लागत 32.75 लाख, ग्राम परसवारा में 300 मीटर सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य दुर्गा मंदिर से नहर तक निर्माण लागत 28.19 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त निर्माण कार्यो के लिए 1 करोड़ 40 लाख 15 हजार की राशि प्रशासनिक स्वीकृति की गई है। उक्त विकास कार्यों की स्वीकृति से क्षेत्र में हर्ष व्यप्त है।

## समृद्धि, शांति और सौभाग्य का प्रतीक है शमी का पौधा



**सरगांव।** पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से नगर पंचायत सरगांव स्थित अटल परिसर में पौधरोपण किया गया। जहां उपपुलिस अधीक्षक मुंगेली नवनीत पाटिल के द्वारा परिसर में शमी का पौधा लगाया गया। उन्होंने इसे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कारगर और प्रेरणादायी कदम बताया।

ज्ञात हो कि थाना सरगांव अंतर्गत 31 ग्रामों में पौधरोपण किया जाना है। जिसकी शुरुआत नगर पंचायत सरगांव से की गई। इस अवसर पर नगर की होनहार छात्रा व भाजपा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के सहसंयोजक तरुण अग्रवाल की सुपुत्री सौम्या अग्रवाल द्वारा परिसर में पौधरोपण किया गया। नगर पंचायत सरगांव के अध्यक्ष परमानन्द साहू ने इस अवसर पर शमी के पौधे का महत्व बताया कि शमी का पौधा सिर्फ पौधा नहीं वरन भारतीय संस्कृति में समृद्धि, शांति और सौभाग्य का प्रतीक है यह शनि दोष निवारण व सकारात्मक ऊर्जा का स्त्रोत व औषधीय गुणों से भरपूर और पर्यावरण शुद्ध करने वाला पौधा है। उन्होंने कहा कि पौधारोपण केवल पर्यावरण तक ही सीमित नही अपितु आने वाली पीढ़ियों के जीवन का अमृत है अतएव हमसभी को पौधारोपण करना चाहिए ताकि हमारी आने वाली पीढ़ी को इससे दिव्य अमृत की प्राप्ति हो सके देश हरित। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष सरगांव परमानंद साहू, थाना सरगांव प्रभारी संतोष शर्मा, पूर्व सरपंच संघ अध्यक्ष निर्मल दिवाकर, पार्षद एजाज खान, कृष्णा साहू, रघु सिंह ठाकुर, तरुण अग्रवाल, हाकिम अली के साथ ही थाना स्टॉफ सहित क्षेत्र के गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## पाइप लाइन विस्तार कार्य का भूमिपूजन

**तखतपुर।** नगर में अमृत मिशन के तहत पाइप लाइन विस्तार का भूमिपूजन वार्ड 2 में पार्षद अनुपमा अभिषेक पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर अनुपमा अभिषेक पाण्डेय ने कहा कि इस मिशन के तहत नगर पालिका क्षेत्रों में पानी की किल्लत नहीं रहेगी। लोगों को घरों में स्वच्छ एवं शुद्ध पेयजल आसानी से मिल सकेगा। लोगों की पानी के संबंध में जो समस्या रहती है उस समस्या का निदान इस मिशन के तहत हो सकेगा। नगर पालिका क्षेत्र के 15 वार्डो में इसके तहत पाइप लाइन बिछाने का काम प्रांरभ किया जा रहा है और जैसे ही यह कार्य पूर्ण होगा उसके बाद घरों में पानी की आपूर्ति शुरू हो सकेगी। इस अवसर पर नितिन सेंगर, राजू ठाकुर, यावेंद्र सिंह, मोंटू मिश्रा, लल्लू पाण्डेय सहित अन्य उपस्थित रहे।



# स्वास्थ्यकर्मियों की रैली को पुलिस ने रोका

- संविदा कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को दिया ज्ञापन

**मुंगेली।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारी नियमितीकरण, ग्रेड पे सहित 10 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। कर्मचारियों ने धरना स्थल आगर क्लब परिसर से कार एवं बाईक रैली निकालकर पुराना बस स्टैंड, दाऊपारा चौक होते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपने हेतु अनुमति के लिए तीन दिवस पूर्व एसडीएम कार्यालय में आवेदन दिया गया था, किन्तु प्रशासन ने रैली निकालने की अनुमति नहीं दी। जिससे कर्मचारियों में नाराजगी बनी रही।




ज्ञापन देते स्वास्थ्यकर्मी।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अधिकारी कर्मचारियों को आगर क्लब से रैली निकाली, जिसे आगे जाने नहीं दिया गया। परिसर में ही संविदा कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन दिया।

संविदा कर्मचारियों ने बताया कि पिछले 20 महीनों मे मुख्यमंत्री और मंत्रियों को 160 से अधिक बार आवेदन और ज्ञापन सौंपे है, लेकिन किसी प्रकार को ठोस सुनवाई नहीं हुई। एनएचएम कर्मचारी संघ के अमित दुबे, पवन निर्मलकर ने बताया कि छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम के 16 हजार से ज्यादा संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी बीते 18 अगस्त से अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। 29 अगस्त को सभी कर्मचारी राजधानी रायपुर के तूता धरना स्थल पर जुटेंगे और वहां से प्रदेशभर में इस अभियान को आगे बढ़ाएंगे। एनएचएम के कर्मचारियों ने कहा कि जब तक हमारी मांगें पूरी नहीं होंगी तब तक आंदोलन जारी रहेगी। ज्ञापन सौंपने वालो में अमिताभ तिवारी, मनीष गुप्ता, निमिष मिश्रा, दीनदयाल बंजारे, प्रवीण चतुर्वेदी, विनोद, प्रकाश, भावना, अमित ठाकुर, देवी प्रसाद साहू, जितेन्द्र गौचंद, डा. अखिलेश बंजारे, डा. मीनाक्षी बंजारे, डा. ज्योति पाण्डेय, डा. रुपेश जायसवाल, नम्रता बंजारे, शैलेश पिटर, सरिता कांत, रुबीन दास, गोविन्द साहू, राजकुमार साहू, सचिन महोबिया, सुषमा पाण्डेकर, गेन्दलाल सोनवानी, जयश्री, उपासना लाल, सुनीता, ज्योति साहू, हेमसा, मंजू, चंद्र सेन, राजेन्द्र, संतोषी, रुखमनी, लक्ष्मी, शकुंतला, पुष्पांजलि, कमलेश्वरी, ज्योति, सरोज, ललिता, उत्तम धुरी, भूपाल सिंह, इन्द्राणी साहू, खुसबु साहू, प्रीति बघेल, वेदमती, कमलेश, प्रणय, संतोष, रामसुन्दर, संयोगिता, महेश्वरी, योगेश आदि शामिल रहे।






# खेल और खिलाड़ियों को खेल संगठनों ने दी पहचान



## मेजर ध्यानचंद
### जन्मदिवस विशेष

प्रतिवर्ष 29 अगस्त को देश अपना राष्ट्रीय खेल दिवस मनाता है। यह देश के सबसे प्रतिष्ठित एथलीटों में से एक मेजर ध्यानचंद की विरासत का सम्मान करने का दिन है। हॉकी के जादूगर के रूप में माने जाने वाले ध्यानचंद के खेल में योगदान ने भारतीय खेल इतिहास में एक अमित छाप छोड़ी है, जिसमें यह दिन न केवल उनकी जयंती का स्मरणोत्सव है बल्कि भारत को परिभाषित करने वाली खेल भावना का उत्सव है। देश में 2012 में 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस मनाने घोषणा की, ताकि खेल उत्कृष्टता को मान्यता दी जा सके। मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि देने के लिए इस तिथि का चयन किया गया था। मेजर ध्यानचंद का जन्म 29 अगस्त 1905 को उत्तरप्रदेश के प्रयागराज में हुआ था। बुनियादी शिक्षा प्राप्त करने के बाद ध्यानचंद 1922 में एक सिपाही के रूप में भारतीय सेना में भर्ती हो गए। मेजर ध्यानचंद एक सच्चे खिलाड़ी थे और उन्हें सूबेदार मेजर तिवारी जो स्वयं एक खेल प्रेमी थे, उन्होंने हॉकी खेलने के लिए प्रेरित किया था। ध्यानचंद ने उन्हीं की देखरेख में हॉकी खेलना शुरु किया। उनका करियर 1926 से 1948 तक चला, तब उन्होंने देश के लिए 185 मैच खेले और 400 से अधिक गोल किए। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन ने भारतीय हॉकी के लिए स्वर्णिम काल आया, क्योंकि उन्होंने भारत को 1928, 1932 और 1936 में तीन स्वर्ण पदक दिलाए। हॉकी में उत्कृष्ट प्रदर्शन के कारण ध्यानचंद को 1927 में लांस नायक नियुक्त किया गया और 1932 में उन्हें नायक और 1936 में सूबेदार के पद पर पदोन्नत किया गया। उसकी वर्ष उन्होंने भारतीय हॉकी टीम की कप्तानी की। वे लेपिटनेंट और कैप्टन बने और अंततः मेजर के पद पर पदोन्नत हुए। मेजर ध्यानचंद को सम्मान में भारत सरकार ने 2021 में राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार का नाम बदलकर मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार कर दिया, जिसे भारत के राष्ट्रपति द्वारा प्रदान किया जाता है। राष्ट्रीय खेल दिवस का मुख्य उद्देश्य खेलों के महत्व और दैनिक जीवन में शारीरिक रूप से सक्रिय रहने के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। भारत सरकार भी राष्ट्रीय खेल दिवस के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम, आयोजन, सेमिनार आदि आयोजित करती है। इस दिवस का उद्देश्य खेलों के मूल्यों, अनुशासन, दृढ़ता, खेल भावना और टीम वर्क के बारे में जागरूकता बढ़ाना और आम जनता को खेलों को अपनाने व इसे अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाने के लिए प्रोत्साहित करना है।

## मेजर ध्यानचंद का जन्मदिवस शारीरिक और मानसिक रूप से सभी को करता है प्रेरित : अटल


अटल श्रीवास्तव

"29 अगस्त हाकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस पर कोटा विधायक और बैडमिंटन खिलाड़ी अटल श्रीवास्तव ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन के उपलक्ष्य मनाया जाने वाला खेल दिवस शारीरिक और मानसिक रूप से सभी को प्रेरित करता है।"

आज के डिजिटल युग में खेल की अपनी महत्वपूर्ण भूमिका है, उसे पढ़ाई के साथ खेल को उचित स्थान मिलना चाहिए। बच्चों को खेल मैदान खेलने के लिए प्रेरित करना चाहिए। हॉकी हमारा राष्ट्रीय खेल है, इंटरनेशनल टर्फ की हर जगह बनाने की आवश्यकता है। इससे खेल के साथ खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिलेगा और ग्रामीण अंचल के खिलाड़ी भी आगे आएंगे। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ बनने के बाद खेलों को बढ़ावा देने का कार्य भूपेश बघेल की सरकार ने प्रारम्भ किया उसे जारी रखना चाहिए। पहले जहां खेल केवल शहर तक ही सीमित रहता था, अब छत्तीसगढ़िया ओलंपिक की शुरूआत गांव में होने के कारण ग्रामीण अंचल के बच्चे से लेकर बुजुर्ग खिलाड़ियों की प्रतिभा सामने आने लगी व सभी वर्गों मे उत्साह व रूचि जागृत हुई है जिसे निरंतर जारी रखा जाना चाहिए। भूपेश बघेल ने पारंपरिक खेलों के साथ अन्य खेलों को प्रोत्साहित कर युवाओं को खेल में अपना कैरियर बनाने के लिए प्रेरित किया है। एस्ट्रोटर्फ हाकी मैदान में खेलने और प्रशिक्षण से शहर के हाकी खिलाड़ियों को काफी सुविधा मिलेगी। इसके अलावा बहतराई के स्पोर्ट्स काम्पलेक्स में सांई एक्सिलेंसी शुरू हो चुकी है, जहां ट्रेनिंग के साथ खिलाड़ियों को रहने, खाने-पीने व अन्य सारी सुविधा दी जा रही है। यहां नेशनल, इंटरनेशनल स्तर के कोच खिलाड़ियों को ट्रेनिंग दे रहे हैं। श्री श्रीवास्तव ने बताया कि अब तक शहर में ग्राउंड की कमी थी। किसी भी खेल संघ या सरकारी खेल कराने के लिए स्कूल का ग्राउंड लेना पड़ रहा था। खिलाड़ियों के भोजन के अलावा आवास के लिए भटकते थे। कई बार स्कूलों में आवास व्यवस्था होने के बावजूद अचानक प्रबंधक मना कर देते थे। खेल प्राधिकरण के पास फायनेंशियल पावर होने से प्रतियोगिता कराने से पहले एडवांस के रूप में राशि देने के साथ राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को सही समय पर भेजने का काम होगा। खेल प्राधिकरण की स्थापना सभी खेली संघ के अध्यक्ष और सेक्रेटरी के सहयोग से होगा, जिसमें प्राधिकरण की जिम्मेदारी पदाधिकारियों पर भी होगी। इसमें कम राशि के तहत लोकल स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता कबड्डी, खो-खो, तीरंदाजी, स्वीमिंग व अन्य छोटे खेलों को कराकर अच्छे खिलाड़ी निकलेंगे।



## क्रिकेट के साथ फेंसिंग में भी ग्रामीण अंचल के खिलाड़ियों को मिलेगा बढ़ावा : प्रिंस

"फाउंडेशन क्रिकेट अकादमी के चेयरमैन और फेंसिंग ओलंपिक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला फेंसिंग अध्यक्ष प्रिंस भाटिया ने 29 अगस्त को हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस पर मनाए जाने वाले खेल दिवस के अवसर पर खिलाड़ियों एवं सभी खेल संघ को बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।"


प्रिंस भाटिया

उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक के द्वारा खिलाड़ियों को बड़े स्तर पर खेल का प्रशिक्षण देने वाला फाउंडेशन क्रिकेट अकादमी वर्तमान में अंतर्राष्ट्रीय मानकों के द्वारा खिलाड़ियों को प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है, ताकि न केवल प्रदेश बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर शहर के खिलाड़ी अपना नाम रोशन कर सकें। यहां के कोच बच्चों को खेल की बारीकी से अवगत कराते हैं अब तक सैकड़ों बच्चों ने यहां प्रशिक्षण प्राप्त किया। खेल दिवस के अवसर पर फाउंडेशन क्रिकेट अकादमी के चेयरमैन प्रिंस भाटिया ने हाकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को याद करते हुए बताया कि खेल दिवस के अवसर पर अकादमी द्वारा प्रतिवर्ष उन की स्मृति में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया जाता है। मेजर ध्यानचंद ने भारत का नाम दुनिया में ऊंचा किया। जिससे हमें गर्व महसूस होता है। हमारी कोशिश है कि क्रिकेट के साथ प्रदेश और जिला स्तर पर भी फेंसिंग में खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने का कार्य करें। इसमें ग्रामीण अंचलों के खिलाड़ियों को भी ज्यादा से ज्यादा फायदा हो और वे राज्य के साथ राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलकर शहर व प्रदेश का नाम रौशन कर सकें।

श्री भाटिया ने कहा कि फाउंडेशन क्रिकेट अकादमी के खेल मैदान से निकले क्रिकेट खिलाड़ी आज राष्ट्रीय स्तर पर परचम लहरा रहे हैं, जो हमारे लिए गर्व की बात है। फाउंडेशन क्रिकेट अकादमी की जब शुरूआत हुई, उस समय 80 खिलाड़ी प्रशिक्षण ले रहे थे। वर्तमान में 300 से अधिक बच्चे खेल मैदान में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, जिसमें शहीद परिवार के बच्चों को निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पूर्व बीडीए अध्यक्ष स्व. शेख गफ्फार की स्मृति में फाउंडेशन क्रिकेट अकादमी द्वारा प्रतिवर्ष सामाजिक क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। जिसमें जिले के 50 से अधिक समाज भागीदारी निभाते हैं। समय-समय पर अपने सामाजिक दायित्वों के तहत पौधरोपण एवं जरूरतमंदों की सेवा भी की जाती है। वर्तमान में अकादमी में 13 विकेट है, जिसमें 6 टर्फ और 6 सीमेंट विकेट और 1 एस्ट्रो टर्फ विकेट है। टर्फ विकेट में इंटरनेशनल मैच खेले जाते हैं। बल्लेबाजों के लिए बालिंग मशीन भी है। प्रशिक्षण देने के लिए 12 कोच हैं जो खेल के हुनर से खिलाड़ियों को अवगत कराते हैं। हाइड्रोलिक रोलर से खेल मैदान को संवारा जाता है। सेंट्रल इंडिया मध्यप्रदेश, झारखंड, ओडिसा, विदर्भ और छत्तीसगढ़ में फाउंडेशन क्रिकेट अकादमी एक ऐसी संस्था है, जिसके पास फ्लड लाइट की सुविधा भी है। उनका उद्देश्य बिलासपुर शहर और फाउंडेशन क्रिकेट अकादमी से प्रशिक्षित खिलाड़ी सामने लाना है जो टीम इंडिया का प्रतिनिधित्व करें व शहर एवं प्रदेश का नाम रोशन करें। उन्होंने इस अवसर पर खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाने का संकल्प भी लिया है।

## नियम बनना चाहिए कि नेशनल में गोल्ड लाएं तो नौकरी पाएं : हेमंत

बिलासपुर कारपोरेशन तैराकी संघ के सचिव हेमंत सिंह परिहार ने 29 अगस्त को हाकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस पर सभी खेल संघों और खिलाड़ियों को बधाई दी है। इस अवसर पर उनका कहना है कि शासन को एक ऐसा नियम बनाना चाहिए कि अगर कोई खिलाड़ी मेहनत करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मैडल प्राप्त करता है तो उसे नौकरी दी जाएगी। इस तरह के नियम बनने बाद खिलाड़ी भी आगे बढ़ने के लिए मेहनत करेंगे। उन्होंने बताया कि तैराकी स्वास्थ्य के लिए सर्वश्रेष्ठ व्यायाम है। तैराकी करने से हम स्वस्थ रहते हैं। आत्मरक्षा और सुरक्षा के लिए तैराकी बहुत ही जरूरी है। इसे सीखने के बाद हम अपने साथ-साथ दूसरों के जीवन की भी रक्षा कर सकते हैं। यह एक कला है, जिससे लोगों को मन और तन दोनों को आनंद पहुंचता है। तैराकी के चार प्रकार हैं, जिसमें फ्री स्टाइल, बैक स्ट्रोक, बटर फ्लाई और ब्रेस्ट स्ट्रोक शामिल है। इन चारों प्रकार की तैराकी सिखने के बाद व्यक्ति अपनी सुरक्षा कर सकता है। तैरना स्वास्थ्य के लिए अच्छा व्यायाम है। तैरने से शरीर के नाखून से लेकर बाल तक हर अंग का एक्सरसाइज होता है। बिलासपुर में तैराकी विकास की ओर है यहां के खिलाड़ी लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं।

राष्ट्रीय स्तर पर क्वालीफाई कर रहे हैं। तैराकी के विकास के लिए जरूर है कि स्वीमिंग पूल पूरे साल भर चालू रहे। प्रशिक्षण पर्याप्त समय बच्चों को सिखाने में दें, जो भी तकनीकी है, उसे अधिक से अधिक लोगों को जानकारी देना चाहिए। खेल अभी बहुत महंगा हो गया है। बड़े स्तर तक


हेमंत सिंह परिहार

पहुंचने के लिए सामान्य लोगों के लिए बहुत बड़ी बात है, क्योंकि खेल आधुनिकता की ओर बढ़ रही है, जिसे सामान्य लोग वहन नहीं कर पा रहे हैं। बड़े लोग ही महंगे खेल को खेल सकते हैं। सरकार की भी अच्छी-अच्छी योजनाएं हैं। इससे बच्चे आगे बढ़ रहे हैं। उत्कृष्ट खिलाड़ियों को प्रोत्साहन राशि के साथ ही नौकरी में भी स्थान मिलना चाहिए। तैराकी से रोजगार भी मिलता है, जैसे नेवी में स्वीमिंग पूल तैराकी प्रशिक्षक, लाइफ गार्ड और अन्य स्थानों पर नौकरी मिलने की संभावना अधिक रहती है। इसके साथ ही उत्कृष्ट तैराक होने पर सरकारी नौकरियां भी मिल जाती है।

## जिले के प्रतिभावान खिलाड़ी हर वर्ग में कर रहे शानदार खेल का प्रदर्शन - क्रिकेट संघ बिलासपुर


बलदेव सिंह भाटिया


विजय शाह


मुकुल तिवारी


नवीन जाजोदिया


विंटेश अग्रवाल (बंटी)

खेल दिवस के अवसर पर खिलाड़ियों और खेल संघ को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए क्रिकेट संघ बिलासपुर के सचिव विन्टेश उर्फ बंटी अग्रवाल, अध्यक्ष नवीन जाजोदिया और छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के सचिव मुकुल तिवारी का कहना है कि प्रदेश में क्रिकेट का वर्चस्व लगातार बढ़ते जा रहा है, इससे शहर के खिलाड़ियों को भी मौका मिल रहा है।

प्रदेश क्रिकेट संघ के डायरेक्टर बलदेव सिंह भाटिया और डायरेक्टर विजय शाह के अथक प्रयास से छत्तीसगढ़ प्रदेश क्रिकेट अच्छे मुकाम में पहुंचा है और लगातार बढ़ोत्तरी कर रहा है। छत्तीसगढ़ के लिए गौरव की बात है कि प्रत्यश सिंह भाटिया को भारतीय क्रिकेट कट्रोल बोर्ड में कोषाध्यक्ष बनाया गया है एवं जुबिन शाह अध्यक्ष छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के मार्गदर्शन में सुचारू रूप से चल रहा है। वर्ष 2018-19 की शुरुआत में होने वाली अंडर 14 इंटर डिस्ट्रिक्ट प्रतियोगिता और 2019-20 में हुई अंडर 19 की इंटर डिस्ट्रिक्ट की प्रतियोगिता में क्रिकेट संघ बिलासपुर की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए दोबारा विजेता होने का गौरव हासिल किया। एकमात्र बिलासपुर शहर है जिसकी दोनों टीम ने एलीट इंटर डिस्ट्रिक्ट टी 20 का मैच खेलती है। वर्ष 2022-23 में बिलासपुर की टीम पहली बार आयोजित हुई अंडर 23 इंटर डिस्ट्रिक्ट प्रतियोगिता में विनर रही। इस साल बिलासपुर के 7 खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए रणजी कैम्प में सलेक्शन किया गया। इसमें चार खिलाड़ी अंडर 16, तीन खिलाड़ी अंडर 19 और सात खिलाड़ी अंडर 23 वर्ग में शामिल हुए। महिला खिलाड़ियों में एश्वर्या सिंह ने एनसीए के बाद चैलेंजर में नेशनल स्तर पर शानदार प्रदर्शन किया। वहीं मयंक यादव सीके नायडू में छत्तीसगढ़ की ओर से प्रतिनिधित्व करते हुए कप्तानी की और शानदार खेल का प्रदर्शन किया।

अंडर 19 कूच बिहार ट्राफी धनंजय नायक का भी प्रदर्शन शानदार रहा। पिछले वर्ष क्रिकेट संघ बिलासपुर को बेस्ट डिस्ट्रिक्ट का अवार्ड मिला। लास्ट ईयर सीनियर इंटर डिस्ट्रिक्ट में टीम विजेता बनी। इस वर्ष सीनियर टी 20, अंडर 19 इंटर डिस्ट्रिक्ट में क्रिकेट संघ बिलासपुर की टीम विजेता रही। उन्होंने कहा कि बिलासपुर में क्रिकेट के लिए एकमात्र राजा रघुराज सिंह स्टेडियम है, जिसमें बहुत जल्द सभी के प्रयास से रणजी ट्राफी और बोर्ड के मैच खेले जाएंगे। इसके लिए जमीन की तालाश की जा रही है, जिसमें नेशनल और इंटरनेशनल स्टेडियम बनाया जाएगा। क्रिकेट संघ के प्रदेश सचिव मुकुल तिवारी और क्रिकेट संघ बिलासपुर के सचिव विन्टेश अग्रवाल और अध्यक्ष नवीन जाजोदिया ने कहा कि रायपुर की तरह अगर बिलासपुर में भी एक अंतरराष्ट्रीय स्तर का क्रिकेट मैदान हो जाए, बिलासपुर सहित आसपास के खिलाड़ियों को काफी फायदा होगा।

## खिलाड़ियों को तराश रहा रेल्वे का खेल विभाग - नवीन


Vice President Amarnath Singh | Secretary C.Naveen Kumar | Jt. Secretary Sanjay Kumar Tiwari | Treasurer B.Anil Kumar | Asst. Treasurer Srikant Padhi | Tournament Secretary Deepak Ku. Subba


Jt. Tournament Secretary Deepak Raja Gurung | Media Incharge Hemant Singh | Indoor Incharge D.Murlidhar | Outdoor Incharge T.Sammukh Rao | Library Incharge Sriram Yadav

रेलवे नार्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट के पूर्व सचिव और साउथ ईस्ट सेन्ट्रल रेलवे श्रमिक यूनियन के मंडल समन्वयक एवं आल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के वर्किंग कमेटी मेम्बर सी नवीन कुमार ने 29 अगस्त को हाकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस और खेल दिवस की खिलाड़ियों व सभी खेल संघों को बधाई दी है। उन्होंने बताय कि रेलवे में सभी खेल के खिलाड़ियों को नौकरी का अवसर प्रदान किया जाता है। नौकरी में रखने से पूर्व किए जाने वाले ट्रायल में बोर्ड स्तर पर चयनकर्ता रखे जाते हैं, ताकि किसी भी प्रकार की धांधली न हो सके। एसईसीआर जोन मुख्यालय सहित बिलासपुर, रायपुर और नागपुर डिवीजन में हजारों की संख्या में खिलाड़ी सभी विभागों में कार्यरत हैं। इन खिलाड़ियों को काम के साथ खेल का भी पूरा मौका रेलवे प्रदान करती है, ताकि आल इंडिया इंटर रेलवे की प्रतियोगिता सहित ओलंपिक व कामनवेल्थ गेम्स में खिलाड़ी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पदक प्राप्त कर सकें। बिलासपुर रेलवे क्षेत्र में बाक्सिंग के लिए अलग मैदान, क्रिकेट के लिए सेकेरसा स्टेडियम, बास्केटबाल, हैंडबाल, कबड्डी, खो-खो, तैराकी, स्केटिंग, कैरम, जिम, बाडी बिल्डिंग, फुटबाल, टेबल टेनिस, लॉन टेनिस, बैडमिंटन व अन्य सारे गेम्स के लिए रेलवे एनईआई के ग्राउंड बने हुए हैं, जिसके मेंटनेंस में लाखों रुपए खर्च किया जाता है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के तीनों डिवीजन बिलासपुर, रायपुर, नागपुर में रेलवे ने खिलाड़ियों के लिए ग्राउण्ड की सुविधा दे रखी है। रेलवे के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए पदक प्राप्त किया है। रेलवे में खिलाड़ियों को किसी भी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए एक अलग खेल का विभाग बना हुआ है। इस विभाग में विशेष तौर पर खेल अधिकारी की नियुक्ति की जाती है। अधिकारी की रिपोर्ट के आधार पर ही खिलाड़ियों को आगामी प्रतियोगिता में तैयारी के लिए निर्देश दिया जाता है।

## ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों को सिखाएं जा रहे हैं आत्मरक्षा के गुर - पलक जायसवाल


डा. पलक जायसवाल



"जैसे-जैसे हम आधुनिक होते जा रहे हैं। वैसे-वैसे महिलाओं की सुरक्षा में कमी आ रही है। आए दिन समाचार के माध्यम से हम महिला उत्पीड़न की खबरें सुनते हैं। इस बात को ध्यान में रखते हुए ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सीखने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण 2020 से प्रारंभ किया गया है।"

जहां अब तक 93हजार 798 छात्राओं को पारंगत किया जा चुका है। यह बातें द विजडम ट्री फाउंडेशन को फाउंडर प्रेसीडेंट, जीटीबी ग्रुप ऑफ कालेज की चेयर पर्सन व कार्फ बाल की प्रदेश अध्यक्ष डा. पलक जायसवाल ने 29 अगस्त को मनाए जाने वाला हाकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस के अवसर पर कही। उन्होंने खेल संघों और खिलाड़ियों को बधाई दी है। डा. पलक जायसवाल ने बताया कि जो छात्राएं शारीरिक रूप से मजबूत नहीं होती, उन्हें चिली पाउडर से जैसे चीजें रखनी की सलाह दी जाती है। उन्हें शारीरिक रूप से मजबूत करने के अलावा मानसिक मजबूत बनाया जाता है। 2023 में उनकी संस्था द्वारा बिलासपुर में रग्बी टूर्नामेंट का आयोजन कराया गया था। जिसमें महिला खिलाड़ी स्टेट लेबल पर जोरदार प्रदर्शन किया। फरहदा स्थित जीटीबी कॉलेज में प्रशिक्षण कार्यक्रम किया जाता है। यहां की बालिकाएं स्टेट लेवल पर सलेक्ट होकर सिल्वर, ब्रांज मेडल जीतकर शहर का नाम रोशन कर रही है। उन्होंने बताया कि सभी खेलों में बालक वर्ग के साथ बालिकाएं भी हिस्सा लेकर शानदार खेल का प्रदर्शन कर रही हैं। इसमें शहर के साथ ग्रामीण व ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाएं भी शामिल हैं। शहर की बालिका खिलाड़ियों के साथ ग्रामीण क्षेत्र की बालिका खिलाड़ियों की खेल प्रतिभा में कोई कमी नहीं है। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में हमारे छत्तीसगढ़ को एक अलग नजर से देखा जाएगा। डा. पलक जायसवाल ने कार्फ बाल के संबंध में बताया कि अभी इस खेल की शुरूआत प्रदेश में हुई, जिसमें खिलाड़ियों के लिए आगे बढ़ने के काफी मौके हैं।




## एथलेटिक्स में दूरस्थ अंचलों की प्रतिभाएं लगातार कर रही प्रगति : अमरनाथ सिंह


अमरनाथ सिंह

एथलेटिक्स का खेल शरीर और मन के लिए काफी जरूरी है। प्रदेश एवं शहर में एथलेटिक्स के खिलाड़ियों की प्रतिभाएं लगातार प्रगति करते जा रही हैं।

इसका नतीजा है कि बिलासपुर के बहतराइ राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र में पहली बार राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता एवं राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2022 का भी आयोजन किया गया था, जिसमें देश भर से हजारों की संख्या में खिलाड़ियों ने हिस्सा लेकर अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। उक्त बातें प्रदेश एथलेटिक्स संघ के महासचिव, रेलवे नार्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट के उपाध्यक्ष और रेलवे मंडल खेल संघ के प्रदेश सचिव अमरनाथ सिंह ने 29 अगस्त को मेयर ध्यानचंद के जन्मदिन और खेल दिवस के अवसर पर बधाई देते हुए कही। श्री सिंह ने बताया कि प्रतिवर्ष खेल दिवस के अवसर पर खिलाड़ियों और खेल संघ के पदाधिकारियों को सम्मान होता है, लेकिन विकास पर कोई खास ध्यान नहीं होता। इसके कारण देश के बाहर खेलने के लिए जाने वाले खिलाड़ी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के बावजूद अधिक पदक प्राप्त नहीं कर पाते। वर्तमान परिस्थिति में एथलेटिक्स में ज्यादा से ज्यादा महिला और पुरूष खिलाड़ी आने लगे हैं। एथलेटिक्स ऐसा खेल है, जिसमें देश के किसी खिलाड़ी ने आजादी के बाद टोक्यो ओलंपिक में पहला गोल्ड मैडल प्राप्त किया एवं विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में नीरज चोपड़ा ने पहला गोल्ड मैडल प्राप्त किया। देश में खिलाड़ियों की कमी नहीं है। हर व्यक्ति आगे आना चाहता है, लेकिन सुविधा के अभाव के कारण कई अच्छे खिलाड़ियों को मौका नहीं मिल पाता। अमरनाथ सिंह ने कहा कि एथलेटिक्स सभी खेलों का मूल होने के कारण कई खेल एथलेटिक्स के भाग की तरह होते हैं, जिसमें फिटनेस पर खिलाड़ी के प्रदर्शन पर बेहतर प्रभाव पड़ता है।







## योजनाएं तो बनती हैं, लेकिन धरातल पर नहीं आ पातीं : विजय वर्मा


विजय वर्मा

शहर के साथ ग्रामीण अंचल में भी खेल की प्रतिभाएं छिपी हुई हैं। इस पर छत्तीसगढ़ शासन का विशेष ध्यान है, जिसका नतीजा है कि जिले और राज्य की टीम में ज्यादातर खिलाड़ी ग्रामीण अंचल के शामिल हो रहे हैं।

पूर्व सरकार ने गांव-गांव में छत्तीसगढ़िया ओलंपिक आयोजित करना शुरु किया था, जिसमें जिसमें गुम हो चुके खेलों को भी शामिल किया गया। इस प्रतियोगिता में बच्चों से लेकर बुजुर्ग वर्ग के खिलाड़ी भी हिस्सा ले रहे थे। यह बातें चकरभाठा नगर पंचायत के पूर्व सभापति और कांग्रेस के पदाधिकारी विजय वर्मा ने 29 अगस्त को मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन और राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर लोगों को बधाई देते हुई कही। छत्तीसगढ़िया ओलंपिक की शुरूआत करने से खिलाड़ियों का विकास होगा। उन्होंने कहा कि शासन खेल के लिए बड़ी-बड़ी योजनाएं बनाती है, लेकिन वह केवल कागजों में ही दबकर रह जाती हैं। योजना बनती है तो लेकिन धरातल तक नहीं पहुंच पाती है, जिसका नतीजा छत्तीसगढ़ को छोड़कर अन्य प्रदेशों के खिलाड़ी नेशनल की टीम में शामिल होकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। मध्य प्रदेश से अलग होने के बाद ऐसा लगा था कि छत्तीसगढ़ का विकास तेजी से हो सकेगा, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया। विजय वर्मा ने कहा कि मेजर ध्यानचंद हाकी के जादूगर थे। बिलासपुर शहर को भी हाकी के नाम से याद किया जाता है। जिले में खिलाड़ियों के लिए संसाधन पूर्व की सरकार ने उपलब्ध कराया था। ग्राउंड नहीं होने की वजह से प्रतियोगिता कराने के लिए स्कूल के मैदान का उपयोग किया जाता रहा। वर्तमान में बहतराइ का ग्राउंड भी खिलाड़ियों के लिए बनकर तैयार हो गया है, जहां नेशनल और इंटरनेशनल प्रतियोगिता के लिए बच्चे प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।



## खबर संक्षेप

### जिला मेडिकल बोर्ड की बैठक 3 सितम्बर को

**मुंगेली।** जिला चिकित्सालय में प्रत्येक बुधवार आयोजित होने वाली जिला मेडिकल बोर्ड की बैठक को 3 सितम्बर को आयोजित की जाएगा। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक ने बताया कि 27 अगस्त बुधवार को शासकीय अवकाश होने के कारण उक्त बैठक 3 सितम्बर को आयोजित की जाएगा। इस दौरान सुबह 10 बजे से दोहपर 12.30 बजे तक शारीरिक फिटनेस प्रमाण पत्र हेतु पंजीयन किया जाएगा।

### अवैध रूप से बिक्री के लिए रखी शराब जब्त

**तखतपुर।** अवैध रूप से बिक्री के लिए रखी शराब को जब्त कर पुलिस ने आबकारी अधिनियम 34,1 क के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि दर्री में एक युवक अपने घर के बाड़ी में अवैध रूप से शराब छिपाकर रखा हुआ है सूचना पर पुलिस ने छापा मारकर ईश्वर ध्रुव के घर से साढ़े तीन लीटर कच्ची महुआ शरा जब्त किया और उसके खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है।

### किसान आईडी तैयार करने की प्रक्रिया शुरू

**मुंगेली।** शासन द्वारा किसानों के हित में एग्रीस्टैक पोर्टल पर किसान आईडी तैयार करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। किसानों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए एग्रीस्टैक पोर्टल पर पंजीयन कराना अनिवार्य है। सहकारिता विभाग के सहायक आयुक्त हितेश कुमार श्रीवास ने बताया कि इस पंजीयन से किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री किसान सिंचाई योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, कृषि मशीनीकरण योजना एवं मुख्यमंत्री किसान सहायता योजना सहित केंद्र एवं राज्य शासन की अन्य योजनाओं का लाभ प्राप्त होगा।

## निधन

### किशोर राव भोसले



**बिलासपुर।** ग्राम सरगबुंदिया निवासी किशोर राव भोसले का 28 अगस्त को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार 29 अगस्त को सुबह 10 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे स्व. हनुमंत राव भोसले के पुत्र, प्रीति भोसले के पति एवं मार्कण्डे राव व प्रिंसी राव भोसले के पिता थे।

### कंचन थदानी



**बिलासपुर।** मसानगंज निवासी कंचन थदानी का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा शुक्रवार 29 अगस्त को सुबह 11. 30 उनके निज निवास से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए जाएगी। वे सुरेश थदानी की पत्नी एवं योगेश थदानी की माता थीं।

### रितेश श्रीवास



**बिलासपुर।** ग्राम घुरु निवासी रितेश श्रीवास (मोनू) का 28 अगस्त 2025 को निधन हो गया। वे 32 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार ग्राम घुरू स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे रामनारायण श्रीवास के पुत्र एवं संदीप व राहुल के भाई थे।

### अनुराग अग्रवाल



**बिलासपुर।** चंदेला नगर टी- 97 निवासी अनुराग अग्रवाल का 28 अगस्त को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 29 अगस्त को कस्तूरबा नगर मुक्तिधाम में सुबह 10 बजे किया जाएगा। वे प्रहलाद अग्रवाल के पुत्र थे।

### देवी प्रसाद कौशिक



**बिलासपुर।** तखतपुर के ग्राम जरौंधा निवासी देवी प्रसाद कौशिक का 28 अगस्त को निधन हो गया । वे 74 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम जरौंधा में किया गया। वे संजय, विजय के पिता रूखमणी के पति थे।

---

अटलजी के आशीर्वाद से तेजी से आगे बढ़ रहा छत्तीसगढ़: साव

# विकास के लिए प्रतिबद्ध डबल इंजन की सरकार: तोखन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

केंद्रीय आवासन एवं शहरी विकास राज्य मंत्री तोखन साहू एवं उप मुख्यमंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री अरूण साव ने गुरुवार को रतनपुर नगर पालिका परिषद में 4 करोड़ रूपए से ज्यादा के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। नगर पालिका परिषद के लिए 1 करोड़ 67 लाख 70 हजार की लागत से नवीन कार्यालय का भूमिपूजन, 30 लाख की लागत से अटल परिसर निर्माण एवं 48 लाख 66 हजार की लागत से आश्रय स्थल का लोकार्पण किया।

- रतनपुर में 4 करोड़ से ज्यादा के विकास कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन

प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत 1 करोड़ 90 लाख की लागत से 76 कार्य स्वीकृत हुए है। इनमें से 5-5 हितग्राहियों को अनुज्ञा पत्र और पूर्ण हो चुके आवास के लिए आवास की चाबी प्रतीकात्मक रूप से सौंपी। कार्यक्रम में बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव, नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष लवकुश कश्यप, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी भी शामिल हुए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय आवासन एवं शहरी विकास राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि आज हमने अटल परिसर का लोकार्पण किया है। यह हमारे लिए गर्व का क्षण है। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल जी का व्यक्तित्व सबसे ऊंचा है उन्हें विपक्ष के लोग भी सम्मान देते थे। गांव में विकास की क्रांति लाने में उनका अमूल्य योगदान है। उन्होंने किसानों को साहूकारों के चंगुल से छुटकारा दिलाया। किसान क्रेडिट योजना किसानों के लिए वरदान साबित हुई। डबल इंजन की सरकार से सभी को फायदा हुआ है। रतनपुर को तालाबों की नगरी कहा जाता है। तालाबों के सौंदर्यीकरण के लिए हम कार्य कर रहे है। रतनपुर में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। लोकार्पण, भूमिपूजन कार्यक्रम को बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष बीनू निराला, कोटा जनपद अध्यक्ष सूरज साधेलाल भारद्वाज, एसडीएम नीतिन तिवारी, सीएमओ केके पटेल, रामदेव कुमावत, दीपक सिंह, मोहित जायसवाल, पार्षद, क्षेत्रीय जन प्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में कार्यक्रम में मौजूद थे। डिप्टी सीएम ने कहा- आज का दिन ऐतिहासिक- उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण है। छत्तीसगढ़ की प्राचीन राजधानी और आदिशक्ति मां महामाया धाम में हमने आज अटल परिसर का लोकार्पण किया है। हमारी सरकार सभी नगरीय निकायों में अटल परिसर बना रही है। उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माण में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता है। आज यदि छत्तीसगढ़ विकास की ओर बढ़ रहा है तो अटल जी के कारण ही बढ़ रहा है। उन्होंने गांव, गरीब और किसानों की तरक्की के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए हैं।




### विकास कार्यों के लिए 4 करोड़ की घोषणा

डिप्टी सीएम श्री साव ने रतनपुर में विकास कार्यों के लिए 4 करोड़ देने की घोषणा की। उन्होंने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से कहा कि आप लोग तुरंत प्रस्ताव बनाकर भेजिए। नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा तत्काल इन प्रस्तावों को मंजूर कर राशि जारी की जाएगी। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि इस वर्ष को हमने अटल निर्माण वर्ष घोषित किया है। रजत जयंती के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। रतनपुर में हमने भीषण पेयजल की संकट को दूर किया है। हमारी सरकार बनने के बाद यहां लगातार विकास के काम हो रहे है। यहां लगभग 2900 आवास स्वीकृत हुए है जिनमें से 2296 आवास पूर्ण हो चुके है। रतनपुर के वैभव के अनुरूप ही इसे संवारने के लिए हमने वृहद कार्ययोजना बनाई है। कार्यक्रम में उन्होंने रतनपुर के मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया और किताब का भी विमोचन किया।

---



# देश की आन, बान, शान हैं सैनिक: सुशांत

**बेलतरा।** विधानसभा मुख्यालय अंतर्गत बेलपारा मंडी प्रांगण में एकल अभियान के तहत सैनिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, विशिष्ट अतिथि राजेश सूर्यवंशी अध्यक्ष जिला पंचायत बिलासपुर, अतिथि ग्रामीण बेलतरा के महामंत्री जनक राम देवांगन, परमजीत छाबड़ा खंड संचालक, बुद्धि सागर शाही खंड कार्यवाह, उषा अमर सोरठे जनपद सदस्य , बेलतरा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष मणि दास मानिकपुरी, महामंत्री गंगा प्रसाद साहू, विजय साहू जनपद सदस्य प्रतिनिधि, मंडी अध्यक्ष सुनील कश्यप, कृष्णा यादव, बेलतरा सरपंच सुरेश कश्यप, प्रमोद पटेल, बुद्धेश्वर कश्यप, रामकृष्ण कश्यप, तोषण कश्यप , सुनील श्रीवास, पदुम सिंह कोरम, लक्ष्मी प्रधान, संदीप जायसवाल, रिंकू ठाकुर, रामविलास कश्यप एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। अध्यक्षता एकल विद्यालय के अध्यक्ष कुशल प्रसाद सोनी ने की। उक्त कार्यक्रम में विधायक सुशांत शुक्ला ने शुभारंभ किया। विधायक सुशांत शुक्ला ने सैनिक ध्रुव कुमार सोनी बरभांठा बेलतरा, विनोद कुमार, पार्वती कोरम कसियरापारा लिम्हा, संतोष आर्मो कसियरापारा लिम्हा को शाल श्रीफल पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया। उन्होंने कहा कि सैनिक देश के आन, बान, शान हैं। हमारे देश के सैनिकों का सम्मान महान है। आज यह एकल अभियान संच के द्वारा बहुत बड़ी उपलब्धि है। सैनिकों का सम्मान हम सभी को करना चाहिए जो अपना सब कुछ भूल कर हमारे देश की रक्षा के लिए तत्पर रहते हैं।

- एकल अभियान संच समिति ने किया सैनिकों का सम्मान

कार्यक्रम में किताब सिंह पैकरा, रूपलाल सोरठे, कौस्तुक राज, सीता सिंह, वेद प्रसाद यादव एवं अन्य शामिल रहे।

---

# सांसद खेल महोत्सव के पंजीयन का शुभारंभ करेंगे तोखन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

जिला प्रशासन द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस पर 29 अगस्त को जिला मुख्यालय स्थित डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में सांसद खेल महोत्सव के पंजीयन का शुभारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू शामिल होंगे और पंजीयन प्रक्रिया का शुभारंभ करेंगे। पंजीयन की अंतिम तिथि 20 सितम्बर निर्धारित की गई है।

इस दौरान कबड्डी, खो-खो, क्रिकेट सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। वहीं विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में वाद-विवाद प्रतियोगिता भी कराई जाएगी। कार्यक्रम के दौरान खिलाड़ियों को फिट इंडिया शपथ भी दिलाई जाएगी। इंडोर खेल गतिविधियों के अंतर्गत 30 अगस्त को जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता आयोजित होगी। यह प्रतियोगिता दो श्रेणियों अंडर-13 पुरुष, महिला एवं ओपन युगल पुरुष, महिला में होगी। विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को आकर्षक ट्राफी और मेडल प्रदान किए जाएंगे। इसी तरह 31 अगस्त को "साइकिल रैली" का आयोजन किया जाएगा। यह रैली रेस्ट हाउस मुंगेली से प्रारंभ होकर कलेक्टर जनदर्शन सभाकक्ष में समाप्त होगी। जिसमें विद्यालयों और महाविद्यालयों के छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। इस संबंध में कलेक्टर कुन्दन कुमार ने अधिकारियों को आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

---

# विभिन्न रूपों में स्थापित की गई गणेश प्रतिमाएं



### झांकी के लिए डिप्टी सीएम ने रखा नकद ईनाम

**लोरमी।** गजानन के शुभ आगमन के साथ 11 दिवसीय उत्सव की शुरुआत हो चुकी है। नगर में इसको लेकर आकर्षक पंडाल में भव्य श्री गणेश की मूर्तियां स्थापित की गई है। नगर पालिका क्षेत्र में विशेष पंडाल, साज-सज्जा एवं आकर्षक झांकियों के लिए विधायक एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने नकद इनाम की घोषणा की है।

घरों-घर गणेश मूर्तियां स्थापित कर प्रथम देव का पूजन अर्चना की जा रही है। जिसको लेकर उत्साह देखते ही बन रहा है। नगर पालिका के द्वारा स्वच्छता को लेकर गाइड लाइन जारी की गई है। इस वर्ष भी श्री गणेश विभिन्न रूपो में भव्यता के साथ मूर्तियां आकर्षक लग रही है। कहि कृष्ण रुप तो लम्बोदर स्वामी ,वीणा, राधा कृष्ण सहित अन्य रूपों के दर्शन करने श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। इस दौरान श्रद्धालु 11 दिवस तक विघ्नहर्ता के विशेष पूजन अर्चना करेंगे। इससे पहले महामाया रोड, फव्वारा चौक सहित शान्ति चौक में उनके आगमन पर भव्य लाईटिंग एवं डीजे धुमाल जोरदार आतिशी बाजी के साथ स्वागत किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष सुजीत वर्मा ने बताया कि लोरमी विधायक एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने पंडाल स्वछता, साज सज्जा, आकर्षक झांकी दोनो पर पृथक-पृथक नकद इनाम के साथ स्मृति चिन्ह समिति को भेंट किया जाएगा। जो इस प्रकार है प्रथम ईनाम 21 हजार, द्वितीय 11 हजार एवं तृतीय इनाम 5 हजार रुपए रखा गया है। निर्णायक समिति निरीक्षण कर विजेताओं का चयन करेंगे।

---



# श्रीराम मंदिर में विराजे श्रीगणेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

गणेश चतुर्थी पर श्रीराम मंदिर में भगवान श्री गजानन की प्रतिमा विधि विधान के साथ स्थापित की गई। गणेश चतुर्थी के दिन से पूरा क्षेत्र भगवान गजानन मय हो गया है। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में हर्ष उल्लास के साथ भगवान गजानन की प्रतिमा स्थापित की गई। नगर में भी विभिन्न समितियां के द्वारा पंडाल में और लोगों अपने-अपने घरों में भगवान गजानन की प्रतिमा स्थापित की है। पूरे 10 दिनों तक भगवान श्री गजानन की पूजा अर्चना की जाएगी और अनंत चतुर्दशी के दिन भगवान का विसर्जन किया जाएगा। मूर्ति स्थापना शुभ मुहूर्त में लोगों के द्वारा किया गया जो देर रात तक चलता रहा। विभिन्न आकर्षक मुद्राओं में पंडाल में भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई है। मूर्ति लेने के लिए भी लोग सुबह से शाम तक कारीगरों के पास पहुंचे और बाजे गाजे के साथ भगवान को मूर्ति लेकर पहुंचे। नगर के राम जानकी मंदिर में भी भगवान गजानन की प्रतिष्ठा प्रतिमा स्थापित की गई। श्री गणेश उत्सव समिति राम नगर टिकरीपारा में 1 सितम्बर को रात्रि 8 बजे गायक नीलकमल वैष्णव के द्वारा गणेश वंदना पर कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा।

---



एचआईवी पर कार्यशाला का आयोजन

# सावधानी, जागरूकता से ही एचआईवी से बचाव: वर्मा

**दगोरी।** प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में एचआईवी पखवाड़ा के तहत आयोजित जागरूकता पखवाड़ा कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में उपस्थित मेडिकल आफिसर डा. मंजूलता वर्मा ने कहा कि जन जागरूकता सावधानी बरतने से एचआईवी एड्स से बचा जा सकता है। उन्होंने एड्स बीमारी होने के चार कारणों, बचाव की जानकारी के साथ ही, एसटीआई यौन जनित रोगों सिफलिश, गनोरिया, हरपीस, हेपटाईटीस बी के होने कारणों व उपचार को भी बारीकी से बताया। सभी से जागरूक रहकर सावधानी अपनाने पर बल दिया। कार्यशाला को ग्रामीण चिकित्सा सहायक शैलेंद्र श्रीवास्तव, लिंक वर्कर योजना के जिला श्रोत समन्वयक अनोज सोनी, एड्स काउंसलर बिल्हा दीवान, स्टॉफ नर्स खिलेश्वरी मिरी ने भी संबोधित किया। संचालन समाज सेवी दशरथ सन्नाट ने किया। इस अवसर पर लिंक वर्कर योजना के जोनल सुपरवाइजर भागवत वर्मा, महेश निषाद, प्रह्लाद कौशिक, जितेंद्र बंधे, राजकुमार ध्रुव, राजकुमार सोनी, तीजन बाई, शिवकुमार, मानाराम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं,वरिष्ठ जन, युवा उपस्थित थे।

---

# 16 ग्राम चरस की तस्करी करते दो युवक गिरफ्तार

**कोरबा।** नशे के खिलाफ जिला पुलिस लगातार अभियान चला रही है और इस कारोबार से जुड़े लोगों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई भी कर रही है। इस कड़ी में जिला पुलिस की टीम को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। पुलिस ने दो आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है जिनके कब्जे से पुलिस ने चरस जप्त करने में सफलता हासिल की है। जिले को नशे के चंगुल से मुक्त कराने और नशे के खिलाफ चलाए जा रहे सख्त अभियान के तहत पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। पिछले सप्ताह बनारस से आरोपी साहित 18 हजार 965 नशीले टैबलेट पकडने के बाद पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के नेतृत्व में जिला पुलिस ने नशे के खिलाफ एक और बड़ी कार्रवाई करते हुए चरस तस्करी में संलिप्त दो आरोपियों को 16.8 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस को टीपी नगर क्षेत्र में चरस की अवैध बिक्री की सूचना मिली थी। सूचना पर नशे के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने 2 आरोपियों को उनके ठिकानों से धरदबोचा। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में टीपी नगर निवासी कुनाल सलुजा 24 वर्ष और तुषार लालवानी शामिल हैं। आरोपियों से तलाशी के दौरान पुलिस ने तीन नग चरस (16.8 ग्राम चपाती के रूप में), चरस बिक्री का लेखा-जोखा दर्ज एक डायरी, रोलिंग पेपर तथा फिल्टर टिप जैसा आपत्तिजनक सामान बरामद किया है।

---

# कौशिक की पहल पर मिलेगी नई सड़कों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक की अनुशंसा पर प्रदेश की साय सरकार द्वारा बिल्हा विधानसभा अंतर्गत कई सड़कों को वित्तीय स्वीकृति दी है। जल्द ही इसका कार्य प्रारम्भ किया जाएगा।



श्री कौशिक ने बताया कि इन सभी सड़कों कि कुल लागत 6 करोड़ 43 लाख रुपए है। इसके अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत विकासखंड पथरिया में पथरिया सरगांव रोड़ मुख्य मार्ग से चंदली में 6.20 किलोमीटर तक जिसकी लागत राशि 381.66 लाख रु है का नवीनीकरण हेतु स्वीकृत हुआ है,मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना में नवीन सड़क योजना अंतर्गत विकासखंड पथरिया, में सिलतरा अटल चौक से यज्ञ चौक होते हुए सिलतरा बस्ती तक 1.70 किलोमीटर तक 121.86 लाख रु की लागत राशि से स्वीकृत हुआ है साथ ही मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत परसिया, विकासखंड पथरिया में सी.सी. सड़क सह नाली निर्माण कार्य मेन रोड से स्कूल (महामाया) की ओर 500 मीटर तक जिसमें लागत लागत राशि 40.46 लाख में स्वीकृत हुआ है एवं बिल्हा विकासखंड अंतर्गत सी.सी रोड सह नाली निर्माण कार्य मुख्य मार्ग से बस्ती कि ओर जिसमें कुल राशि 49.60 रु लाख रु तथा ग्राम पिरैया में .सी रोड सह नाली निर्माण कार्य मुख्य मार्ग से बस्ती कि ओर जिसमे कुल लागत राशि 50 लाख रु का कार्य शामिल है। श्री कौशिक ने कहा कि बहुत जल्द ही इन सभी क्षेत्रों में कार्य प्रारम्भ हो जाएगा। उन्होंने साय सरकार का आभार माना है। उन्होंने कहा कि सरकार बनने के बाद बिल्हा विधानसभा में विकास की नदियां बह रही है, इसके निर्माण होने से क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में सुविधाजनक और सुरक्षित आवागमन के लिए सड़कों के निर्माण की विशेष पहल की जा रही है जिसमें से हमारा विधानसभा बिल्हा एक है। इसके लिए प्रदेश से आभार।

---




# किसानों की समस्याओं को लेकर लहरिया ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**मस्तूरी।** क्षेत्र के किसानों की समस्याओं को लेकर गुरुवार को विधायक दिलीप लहरिया ने विधानसभा क्षेत्र के किसानों के साथ मिलकर कलेक्टर से मुलाकात कर किसानों को समय पर एवं निर्धारित मूल्य पर यूरिया खाद उपलब्ध कराने ज्ञापन सौंपा। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया है कि सहकारी समितियों में खाद की कमी और कालाबाज़ारी से किसानों को परेशानी हो रही है। इससे धान की फसल प्रभावित होने का खतरा है। विधायक लहरिया ने कलेक्टर से मुलाकात कर खाद की अवैध कालाबाजारी करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग किया और तत्काल पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने का आग्रह किया। विधायक लहरिया ने कहा कि किसानों की हर समस्याओं का समाधान करना ही मेरी प्राथमिकता है।

---


## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री शंकरलाल गुप्ता पिता स्व. पुन्नीलाल गुप्ता निवासी, गोंड़पारा तह. व जिला-बिलासपुर (छ.ग.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की परिवर्तित भूमि मौजा ग्राम-महमंद प.ह.नं.-44 तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) खसरा क्र. 62/18 रकबा 6000 वर्गफुट को क्रय करने का पक्का सौदा मेरे पक्षकार श्रीमती सुभ्रा राय पति अपूर्बा राय, निवासी शंकरनगर, तह. व जिला-बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा किया गया है, एवं शीघ्र ही उक्त भूमि के विक्रय पत्र का पंजीयन मेरे पक्षकार के पक्ष में होना है, इस बाबत किसी बैंक, संस्था, शासकिय/अर्धशासकीय कार्यालय या अन्य किसी को किसी प्रकार की आपत्ति है तो इस सूचना प्रकाशन के 07 दिनों के अंदर समस्त दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में उपस्थित होंकर लिखित में आपत्ति दर्ज कर सकता है, तथा इसके बाद की गई किसी प्रकार की कोई आपत्ति अमान्य होगी।

"सो सूचना जानें।"

दिनांक: 28/08/2025

भवदीय
(संजय गलपांडे)
अधिवक्ता
हेमू नगर, बिलासपुर (छ.ग.)
मो.नं.-9827157907

## न्यायालय तहसीलदार तखतपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.)

// ईश्तहार //

रा.प्र.क्र. /2024-25
ग्राम- राजपुर प.ह.नं. 17

एतद् द्वारा राजपुर प.ह.नं. 17 तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक पुरुषोत्तम कुर्रे पिता सुद्धू लाल कुर्रे जाति सतनामी साकिन राजपुर तहसल तखतपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा अपने पिता सुद्धूलाल कुर्रे की मृत्यु दिनांक 27/03/2009 को राजपुर में मृत्यु हो जाने का हवाला देते हुए मृत्यु प्रमाण पत्र मिलने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में न्यायालय तहसीलदार तखतपुर में मामला विचाराधीन है। जिसमें दिनांक 08/09/2025 को सुनवाई नियत किया गया है। उपरोक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा हितबद्ध पक्षकार को किसी प्रकार से कोई आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है तो नियत तिथि तक प्रस्तुत कर सकता है नियत तिथि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार, तखतपुर

## न्यायालय तहसीलदार तखतपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.)

// ईश्तहार //

रा.प्र.क्र. /2024-25
ग्राम- राजपुर प.ह.नं. 17

एतद् द्वारा राजपुर प.ह.नं. 17 तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अरविंद खाण्डेकर पिता भागीरथी खाण्डेकर जाति सतनामी साकिन राजपुर तहसल तखतपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा अपने पिता भागीरथी खाण्डेकर की मृत्यु दिनांक 19/07/2019 को राजपुर में मृत्यु हो जाने का हवाला देते हुए मृत्यु प्रमाण पत्र मिलने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में न्यायालय तहसीलदार तखतपुर में मामला विचाराधीन है। जिसमें दिनांक 08/09/2025 को सुनवाई नियत किया गया है। उपरोक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा हितबद्ध पक्षकार को किसी प्रकार से कोई आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है तो नियत तिथि तक प्रस्तुत कर सकता है नियत तिथि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार, तखतपुर

## न्यायालय तहसीलदार तखतपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

रा.प्र.क. /ब-121/2024-25
ग्राम तखतपुर तहसील तखतपुर
जिला बिलासपुर छ.ग.

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री मो. जावेद मेमन पिता श्री अब्दुल सत्तार जाति मुसलमान निवासी ग्राम तखतपुर प.ह.नं. 28, तहसील तखतपुर जिला-बिलासपुर छ.ग. के द्वारा अपने पुत्री तयब्बा पुत्री मो.जावेद मेमन के लिये केन्द्र सरकार के अंतर्गत लोक पदों एवं सेवाओं में नियुक्त / शैक्षणिक संस्थाओं में प्रवेश प्राप्त करने हेतु आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ई डब्लू एस) के लिये आय एवं संपत्ति प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। तत्संबंध में उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

प्रस्तुत प्रकरण में दिनांक 10/09/25 को सुनवाई नियत किया गया है। उपरोक्त आवेदन के सम्बन्ध में यदि कोई व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है तो वे या तो स्वयं या अपने किसी मान्य अभिकर्ता अधिवक्ता के द्वारा नियत तिथि को मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 25/08/25 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
तखतपुर

## कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल जूना बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग.

**सूचना**

क्र/क/रा.नि./2025
जूना बिलासपुर दिनांक 25/08/2025

प्रति, अखिलेश खनुजा, शोभना सिंह, ललित कश्यप, जगदीश विरदी सर्वसंबंधित हितबद्ध पक्षकार। (समीपी भूमिस्वामियों की जानकारी ज्ञापन में दर्ज/आवेदक के बताए अनुसार)

विषय:- सीमांकन में उपस्थित होने बाबत।
संदर्भ:- न्यायालय तहसीलदार का ज्ञापन क्र/क/तह/वाचक/2025 बिलासपुर दिनांक 20/08/25

आवेदक अखिलेश खनुजा निवासी बिल्हा के द्वारा ग्राम जूना बिलासपुर प.ह.नं. 36 रा.नि.मं. जूना बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 804/6 रकबा 0.0240 के सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। संदर्भित न्यायालयीन ज्ञापन के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन दिनांक 01/09/25 को समय 12-5 बजे किया जायेगा।

अत: आप भूमि से संबंधित दस्तावेज के साथ निर्धारित तिथि एवं समय को मौके पर अनिवार्यत: उपस्थित होवें। अनुपस्थिति के लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे और बाद की आपत्ति पर स्वीकार्य नहीं होगी।

राजस्व निरीक्षक, जूना बिलासपुर (छ.ग.)

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, शुक्रवार 29 अगस्त 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255

## जगह-जगह विराजे विघ्नहर्ता


दयालबंद गणेशोत्सव समिति में विराजे गजानंद।


राजकिशोर नगर में गणपति की स्थापना।


सार्वजनिक गणेशोत्सव दयालबंद।


कारगिल चौक में विराजे लम्बोदर।


महाकाल समिति फॉरेस्ट कॉलोनी।


राजेन्द्रनगर युवा गणेश समिति।


जय माँ दुर्गा समिति कुदुदण्ड।


भारतीय नगर गणेश उत्सव समिति।


माँ दुर्गोत्सव समिति।


आशीर्वाद गणेशोत्सव समिति राजकिशोर नगर।

शहर में उत्साह से मनाया जा रहा गणेश उत्सव

# रेल्वे महाराष्ट्र मंडल में 85 वां गणेशोत्सव प्रारंभ



**बिलासपुर।** शहर में गणेशोत्सव उत्साह से मनाया जा रहा है। रेल्वे महाराष्ट्र मंडल में 85 वां गणेशोत्सव प्रारंभ हुआ। आज ही के दिन बिलासपुर के मराठी भाषिकों की सर्वाधिक पुरानी संस्था रेल्वे महाराष्ट्र मंडली की विधिवत स्थापना हुई थी। श्री की स्थापना विजय वलणेकर के पोराहित्य में माधव दिगंबर पागे ने की।वर्धापन दीन के उपलक्ष्य में शाम 7 को कीर्तनकार आदित्य देशकर नागपुर ने कीर्तन की प्रस्तुति दी। इससे पूरा माहौल आध्यात्ममय बना रहा। इस मौके पर समाज के लोग एवं अन्य श्रद्धालु भक्त उपस्थित थे।

### डबरीपारा में गणपति की प्राण प्रतिष्ठा

रपटापार डबरीपारा में श्री गणेश उत्सव समिति का पंडित ने विधि-विधान से भगवान श्री गणेश की प्राण प्रतिष्ठा कराई। इस आयोजन में समिति से सदस्यों सहित मोहल्ले के नागरिकों, माता, बहनों और युवा साथियों का सहयोग मिल रहा है। उल्लेखनीय है कि भगवान गणपति की विशाल मूर्ति को बाजे-गाजे के साथ कबीर कुटी शिवमंदिर डबरीपारा चांटीडीह में भव्य स्वागत कर स्थापित किया गया है।


आजाद गणेशोत्सव समिति में गणपति की स्थापना।

# ऋषि पंचमी पर गजानन मंदिर में पूजा, अभिषेक

### महाआरती के बाद हुआ प्रसाद वितरण

**बिलासपुर।** महाराष्ट्र मंडल परिसर पारिजात कालोनी स्थित श्री संत गजानन महराज मंदिर में ऋषि पंचमी निमित्त विशेष पूजा-अर्चना की गई। ऋषि पंचमी के दिन संत गजानन महराज ने शेगांव में समाधि ली थी।

समाधि दिन के उपलक्ष्य में गुरुवार को मंदिर में सुबह 9 बजे संत गजानन महराज की स्थापित मूर्ति का अभिषेक हुआ। दोपहर 12 बजे महाआरती के बाद प्रसाद वितरण हुआ। शाम की आरती उपरांत कीर्तन कार्यक्रम रखा गया। कीर्तन की प्रस्तुति नागपुर से आए कीर्तनकार हभप आदित्य देशकर ने दी।



उनका साथ देने बिलासपुर के कलाकार हारमोनिया पर मोहन क्षीरसागर और तबले पर रूपेश भुरंगी ने संगति दी। यह जानकारी महाराष्ट्र मंडल के सचिव समीर भुरंगी ने दी।


मोपका चौक में विराजे गणपति।

# शब्द, भाषा और सामाजिक विज्ञान को बढ़ावा देने की आवश्यकता

**बिलासपुर।** डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 शब्द, भाषा की शक्ति और सामाजिक विज्ञान का महत्व विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। भाषा के महत्व, भाषा की शक्ति और शब्द सहित अनेक विषयों पर विद्वानों ने अपने विचार रखे। यह आयोजन भाषा एवं साहित्य विभाग, सामाजिक विज्ञान विभाग एवं आइक्यूएसी द्वारा आयोजित किया गया था।

इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि एयू के कुलसचिव तार्निश गौतम ने कहा कि शब्द और भाषा की शक्ति हमें समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में मदद कर सकती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार हमें शब्द, भाषा और सामाजिक विज्ञान के महत्व को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यह नीति हमें समाज के विभिन्न पहलुओं को समझने में मदद करेगी।


सीवीआरयू में शब्द, भाषा की शक्ति और सामाजिक विज्ञान के महत्व पर व्याख्यान

### शब्द और भाषा की शक्ति हमें समाज में संवाद करने में मदद करती है : कुल सचिव

कुल सचिव डॉ अरविंद कुमार तिवारी ने कहा कि शब्द और भाषा की शक्ति हमें समाज में संवाद करने में मदद करती है। उन्होंने कहा की भाषा को वैश्विक स्तर तक पहुंचाने और उसकी प्रासंगिकता को लोगों तक बताने के लिए विश्व रंग का आयोजन किया जाता है। जिसमें अब तक 50 से अधिक देश शामिल हुए हैं। यह विश्व स्तरीय आयोजन हिंदी एवं अन्य भारतीय भाषाओं को वैश्वीक स्तर पर स्थापित करने के लिए किया जा रहा है ।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भारतीय भाषाओं को केंद्र में रखा : कुलपति

डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भारतीय भाषाओं को केंद्र में रखा गया है। सम कुलपति डॉ जयति चटर्जी ने कहा कि शब्द और भाषा की शक्ति हमें समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में मदद कर सकती है। उन्होंने कहा कि सामाजिक विज्ञान का महत्व हमें समाज के विकास में मदद करता है। डॉ वेद प्रकाश मिश्रा ने कहा कि शब्द और भाषा की शक्ति हमें समाज में संवाद करने में मदद करती है।

# विद्या के बिना कोई भी स्थाई सुख नहीं प्राप्त कर सकता

**बिलासपुर।** आर्य समाज वसुंधरा विहार बहतराई रोड में साप्ताहिक यज्ञ एवं सत्संग का कार्यक्रम हुआ, जिसमें श्रद्धा पटेल और संध्या शर्मा ने भजन प्रस्तुत किया। आचार्य जयदेव शास्त्री ने बताया कि हमारे भारत देश में ही ऋषि, वीर योद्धा, धर्मात्मा, दानी, चरित्रवान आदि पैदा हुए, इसका मूल कारण था गुरुकुल शिक्षा प्रणाली।



हमारे शास्त्रों में कहा गया है विद्या विना शौक्यम नराणां जयते ध्रुवम विद्या के बिना कोई भी स्थाई सुख नहीं प्राप्त कर सकता मनुष्य को मनुष्य बनने के लिए नैतिक शिक्षा बहुत जरूरी है। बिना नैतिक शिक्षा के बिना संस्कारों के मनुष्य होते हुए भी मनुष्य नहीं कहलाता और आज यही हो रहा है। आज भौतिकवादिता की दौड़ में मानव तेजी से दौड़ रहा है सबसे आगे निकलने की होड़ में लगा हुआ है, लेकिन जाना कहां है यह पता नहीं है, हम क्यों जी रहे हैं किस लिए जी रहे हैं क्या महत्व है जीवन जीने का पता नहीं है। आचार्य ने बताया इसी कारण से व्यक्ति के जो मन में आ रहा है वह करना है और इस कारण से हमारे देश में अराजकता, अत्याचार, पापाचार, भ्रष्टाचार, बलात्कार यह सब तेजी से बढ़ रहे हैं। विश्व गुरु और सोने की चिड़िया बनाना है तो गुरुकुल लिए शिक्षा प्रणाली को अपनाना होगा, इसी उद्देश्य को लेकर के आचार्य ने सभी को प्रेरणा दी।

रेलवे की समृद्ध खेल परंपरा और मजबूत आधारभूत संरचना

# रेलवे के एथलीट्स ने राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर लहराया परचम

स्पोर्ट्स न्यूज

**बिलासपुर।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव खेल मंत्री बनने के बाद प्रथम शहर आगमन पर सभी खेल संघ द्वारा स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न खेल संघ के पदाधिकारी उपस्थित थे एथलेटिक्स , हॉकी, बेसबॉल, सॉफ्टबॉल, तैराकी, पेंचाक सिलाट, फुटबॉल, जूडो, हैंड बाल, कबड्डी , कराते, स्टैंड बॉल, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल सहित खेल संघ के सदस्य एवं खिलाड़ी मौजूद थे। यह जानकारी छत्तीसगढ़ एथलेटिक संघ के संयुक्त महासचिव एवं एथलेटिक संघ के प्रवक्ता हेमंत सिंह परिहार ने दी। इन्होंने बताया की रेलवे न केवल देश की आर्थिक प्रगति की धुरी है, बल्कि खेल जगत में भी उत्कृष्टता का प्रतीक बन चुका है। यहां के एथलीट्स ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय सफलताएँ अर्जित की हैं। हाल ही में रेलवे के खिलाड़ियों ने एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप, वर्ल्ड कॉन्टिनेंटल मीट, ईरान फज्र इंटरनेशनल चैलेंज, एशियन यूथ बॉक्सिंग और वूमेन्स बास्केटबॉल जैसी प्रतिष्ठित प्रतियोगिताओं में स्वर्णिम प्रदर्शन कर भारतीय खेल जगत को गौरवान्वित किया है। वहीं राष्ट्रीय स्तर पर भी हेप्टाथलॉन, 1500 मीटर दौड़, हैमर थ्रो, बॉक्सिंग और पावरलिफ्टिंग जैसे विभिन्न खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के खिलाड़ियों ने रेलवे की खेल परंपरा को और सुदृढ़ किया है।



अधोसंरचना, आधुनिक प्रशिक्षण सुविधाएँ और प्रतिस्पर्धात्मक माहौल प्रदान किया है।

### कबड्डी प्रीमियर लीग का ट्रायल 9 से कटक में होगा



कबड्डी प्रीमियर लीग चयन ट्रायल महिला वर्ग का आगाज 9 सितंबर से कटक में शुरू होगा, इस संबंध मे जानकारी देते हुवे जिला कबड्डी संघ अध्यक्ष जीवन मिश्रा ने बताया की छत्तीसगढ़ प्रो कबड्डी लीग के तर्ज पर आयोजित की जाने वाली छत्तीसगढ़ कबड्डी प्रीमियर लीग महिला वर्ग 9 वे सीजन का आयोजन दिसंबर माह मे किया जाना है। इसके लिए खिलाड़ियों का चयन ट्रायल आयोजित किया जा रहा है, छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों के अलावा महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, दिल्ली और ओड़िसा के खिलाड़ियों को भी शामिल किया जाएगा। चयन ट्रायल 7 को 14 सितंबर को कटक ओड़िसा में आयोजित किया जायेगा उसके कांकेर में 21 और राजनांदगांव मे 28 सितंबर को आयोजित किया जाएगा। अक्टूबर माह में बिलासपुर, पेंड्रा में चयन ट्रायल लिया जायेगा चयन ट्रायल मे भाग लेने वाले महिला खिलाड़ियों को गूगल फ्रॉम ऑनलाइन भरना होगा और अपना पंजीयन कराना होगा।

### हॉकी की नेशनल खिलाड़ी रेखा खेल को लेकर बच्चों को कर रहीं प्रोत्साहित



एनसीसी में सी सर्टिफिकेट प्राप्त नेशनल हॉकी खिलाड़ी रेखा गुल्ला को आज भी खेल के प्रति काफी रूचि है। उनके द्वारा बच्चों को हमेशा हॉकी सहित अन्य खेल खेलने प्रोत्साहित किया जाता रहता है। उनके प्रोत्साहन से अब तक दो बच्चे राष्ट्रीय स्तर पर हॉकी खेल चुके हैं।महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल से सेवानिवृत्त व्याख्याता श्रीमती गुल्ला को हॉकी के प्रति शुरू से रूचि रही है। अपनी इस रूचि के चलते उन्हें इस खेल के प्रदर्शन में काफी सफलता मिली। वे सात बार नेशनल व पांच बार यूनिवर्सिटी स्तर पर हॉकी खेल चुकी हैं। उनका कहना है कि खिलाड़ियों को पहले साधारण ग्राउंड पर प्रशिक्षित कर टर्फ में अभ्यास कराया जाए तो यह अत्यंत बेहतर होता है। एमए, बीएड. श्रीमती गुल्ला वर्तमान में अटल बिहारी वाजपेई यूनिवर्सिटी में प्री-आरडीसी सिलेक्शन कमेटी में हैं। सक्षम में नेत्र प्रकोष्ठ प्रभारी है। छत्तीसगढ़ प्रांत की नेत्र कुंभ में 7 दिवस का सेवा देने का भी उन्हें अवसर प्राप्त हुआ था।

# हॉकी स्पर्धा में पहले दिन 6 मैच खेले गए



चेतना और नगर हॉकी परिवार के संयुक्त तत्वावधान में, दो दिवसीय नगर स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन पुलिस ग्राउंड चल जा रहा है। इस आयोजन में बिलासपुर हॉकी के सभी दिवंगत खिलाड़ियों को विन्रम श्रद्धाजंलि दी गयी। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर नगर की 6 टीमो के मध्य, नगर स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता चल रही है। पहले दिन 6 मैच हुए पहला मैच फ्रेशर्स और यंग 11 के मध्य हुआ जिसमें फ्रेशर्स की टीम जीत। दूसरे मैच विजय और एसएस अकादमी के मध्य खेला गया जो बहुत ही रोमांचक था और यह मैच ड्रॉ रहा। तीसरा मैच यंग 11 बिलासपुर और असगर स्पोर्टिंग के मध्य खेला गया जो बहुत ही रोमांचक था। जिसमें असगर सपोर्टिंग चार के मुकाबले तीन गोल से जीत, चौथा मैच लीडर्स क्लब और एसएस अकादमी के मध्य खेला गया जिसमें एकेडमी एक तरफा मुकाबले में 6 गोल से विजय स्पॉटिंग को हराया। पांचवा मैच असगर स्पोर्टिंग और फ्रेशर्स क्लब के मध्य खेला गया जिसमें असगर स्पोर्टिंग जीती। अंतिम मैच विजय स्पोर्टिंग और लीडर्स क्लब के मध्य खेला गया जिसमें विजय स्पोर्टिंग जीत हासिल कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। मैच के मैन आफ द मैच, प्रिंस यादव, जुबैर, राहुल रजक,सागर सूर्यवंशी ,आनंद सूर्या निखिल भोई रहे। प्रतियोगिता के दो सेमीफाइनल सुबह खेले जाएंगे पहला सेमि फाइनल फ्रेशर्स और असगर के मध्य 8:30 बजे और दूसरा सेमीफाइनल एसएस एकेडमी और विजय स्पोर्टिंग के मध्य खेला जाएगा और शाम को फाइनल मैच खेला जाएगा।विजेता टीम को ट्रॉफी और 15 हजार नगद,उपविजेता को टॉफी और 11 हजार व सेकेंड रनरअप को ट्रॉफी और 5 हजार नगद दिया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### शराबकांड : महिला सहित दो गिरफ्तार

**बिलासपुर।** लोफंदी में जहरीली शराब पीने से हुई मौतों के मामले में पुलिस ने मृत कोचिए की पत्नी सहित एक अन्य को गिरफ्तार कर लिया है। 8 फरवरी 2025 को लोफंदी में जहरीली कच्ची शराब पीने से ग्रामीणों की मौत होने से हड़कंप मच गया था। कोनी पुलिस ने मृतकों के बिसरा को जांच के लिए फोरेसिंक विभाग भेजा गया था। बिसरा रिपोर्ट पर में 4 मृतकों की जहरीले शराब पीने से मौत होने की पुष्टि की गई है। बिसरा रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने जांच के बाद मृत कोचिया कोमल लहरे की पत्नी पांचो बाई लहरे के खिलाफ चार प्रकरण में बीएनएस की गैर इरादतन हत्या की धारा 105 के तहत जुर्म दर्ज किया था। गुरुवार को पुलिस ने पांचो बाई लहरे सहित एक अन्य आरोपी को इस मामले में गिरफ्तार किया है।

### विवाहिता ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**बिलासपुर।** तीज के दिन शराब पीने पर पति पत्नी के बीच विवाद



हो गया। इससे क्षुब्ध होकर पत्नी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सिरगिट्टी टीआई किशोर केंवट ने बताया, तिफरा निवासी शिखा राजपूत पति सुरेन्द्र ठाकुर 27 साल 26 अगस्त को तीज उपवास थी। रात में महिला का पति शराब पीकर घर आया। तीजा के दिन शराब पीने को लेकर दोनों के बीच जमकर विवाद हो गया था। 27 अगस्त को उसी बात से क्षुब्ध होकर शिखा ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। इधर मृतका के पिता ने शादी के बाद पति के द्वारा मारपीट करने व हत्या करने के बाद फांसी पर लटकाने का आरोप लगाया है।

### युवक से मारपीट कर गणेश पंडाल में तोड़फोड़

**बिलासपुर।** पैसे के विवाद में एक युवक से मारपीट कर गणेश पंडाल में तोड़फोड़ कर दी गई। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, मोपका चौक निवासी घनश्याम कुशवाहा पिता स्व. रघुवीर कुशवाहा मकान बनाने का ठेका लेते हैं। एक साल पूर्व अनिल राठौर की जमीन पर लिंगियाडीह में उन्होंने मकान बनाया था। जिसका कुछ लेनदेन बाकी था। उनके द्वारा चौक में गणेश पंडाल बनाया गया था। 27 अगस्त की रात 1 बजे प्रतीक तिवारी, सूर्या कश्यप व अन्य आए और अनिल राठौर को पैसा क्यों दिए मुझे भी दो कहने लगे। मना करने पर युवकों ने गाली गलौज कर जमकर मारपीट कर दी और गणेश पंडाल में तोड़फोड़ कर दिया। पुलिस ने घनश्याम की रिपोर्ट पर जुर्म दर्ज कर लिया है।

### महिला के गले से सोने की चेन चोरी, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** आटो में रिटायर्ड शिक्षिका के गले से 90 हजार रुपए के सोने की चेन चोरी कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सकरी पुलिस के अनुसार, सकरी डेंटल कालेज के पास रहने वाली रिटायर्ड शिक्षिका सरोज सोनी 27 अगस्त की दोपहर 3 बजे 90 हजार की 30 ग्राम वजनी सोने की चेन पहनकर आटो में सवार होकर नेहरू चौक गई। वहां से अपने भाई के साथ शंकरा अस्पताल गईं। उसके बाद रिश्तेदारों के साथ मैग्नेटो मॉल के पास होटल गईं, वहां नाश्ता करने के बाद रिश्तेदार कोरबा चले गए। वे अपनी बेटी के साथ स्कूटी से घर लौट गईं। घर में उन्होंने देखा तो गले से सोने की चेन चोरी हो गई थी।

नहीं बनाने पर प्रति 100 वर्गमीटर पर 1 हजार रुपए वसूला जाएगा | जल संरक्षण के लिए ठोस कदम, निगम ने जारी किया भवन मालिकों को नोटिस

# रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं बनाने वाले 3623 भवन मालिकों का एफडीआर होगा राजसात

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

वर्षा जल संचय के जरिए गिरते भू जल स्तर को संतुलित करने कि दिशा में नगर निगम ने ठोस कदम उठाया है।

रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाने का वादा कर नहीं बनाने वाले 3623 भवन मालिकों की सुरक्षा निधि की राशि को निगम राजसात करने की तैयारी में है। इसके लिए निगम के भवन शाखा ने इन भवन मालिकों को नोटिस जारी कर तीन दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुत करने और सूचना देने का समय दिया है।



तीन दिवस के भीतर संतोषप्रद जवाब नहीं देने पर भवन अनुज्ञा प्राप्त करने के समय जमा की गई सुरक्षा निधि को राजसात कर लिया जाएगा और शासन के निर्देशानुसार प्रति 100 वर्गमीटर पर 1 हजार रुपए प्रति वर्ष शास्ति आरोपित करते हुए जुर्माना वसूला जाएगा और तब तक वसूला जाएगा जब तक रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम निर्माण की सूचना साक्ष्य समेत निगम कार्यालय में नहीं दी जाएगी ।वर्षा जल संचय और रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के लिए निगम कमिश्नर अमित कुमार ने सख्त निर्देश जारी किए हैं। 3623 भू स्वामियों को रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम निर्माण करने की शर्त पर भवन निर्माण की अनुमति प्रदान की गई थी। इसके लिए सुरक्षा निधि जमा कराई गई थी पर भवन अनुज्ञा की अवधि समाप्त होने के बाद भी अब तक इन भवन मालिकों द्वारा रेन वाटर हार्वेस्टिंग का निर्माण नहीं किया गया है और ना हीं किसी भी प्रकार की सूचना भवन शाखा को दी गई है।

### 1500 वर्गफीट से अधिक भूमि पर अनिवार्य

ज्ञात हो कि राज्य शासन द्वारा भूमिगत जल संरक्षण अनिवार्यता प्रक्रिया के अंतर्गत 150 वर्गमीटर से अधिक याने 1500 वर्गफीट से अधिक आकार के भूखण्डों के लिए वर्षा जल संरक्षण हेतु रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित किये जाने का प्रावधान किया गया है। जिसके अंतर्गत निकायों द्वारा 150 वर्गमीटर (1500 वर्गफीट से अधिक) से अधिक के भूखण्डों पर भवन निर्माण अनुज्ञा जारी करने के पूर्व, आवेदक से सुरक्षा निधि के रूप में राशि रुपए 110.00 प्रति वर्गमीटर की दर से जमा राशि कराई जाती है। रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम निर्माण करा लेने और इसकी लिखित सूचना निकाय कार्यालय को देने पर सुरक्षा निधि वापस कर दी जाती है।

### भवन निर्माण की शर्तों का उल्लंघन

भवन निर्माण की शर्तों का उल्लंघन करने पर इस बार निगम ने सख्त रुख अपनाया है और 2018 से 2022 तक के 1500 वर्गफीट से अधिक भूमि पर निर्माण की अनुमति लेने वाले 3623 भवन मालिकों को नोटिस जारी किया गया है। विदित है कि प्रदेश में गिरते भू जल स्तर को लेकर राज्य शासन गंभीर हैं और इसे संतुलित करने के लिए राज्य शासन ने सभी निकायों को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं।

### जागरुकता आवश्यक है

वाटर हार्वेस्टिंग हमारे आने वाले कल के लिए बेहद जरूरी है। ग्लोबल वार्मिंग के कारण जल स्तर धीरे-धीरे नीचे की ओर जा रहा है। इसे संतुलित करने सभी को अपने परिसर या घरों में वाटर हार्वेस्टिंग कराना चाहिए। इसके लिए जागरूक होना ही होगा।

**- अमित कुमार**, निगम आयुक्त

रेलवे जीएम और डीआरएम ने आनलाइन पेशी अटेंड की

# इधर हाईकोर्ट में चल रही थी सुनवाई, उधर हाईटेंशन तार से झुलसे मजदूर की 5 दिन बाद हो गई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर के कोचिंग डिपो में ओएचई तार की करंट से झुलसे श्रमिक की मौत हो गई है। इस हादसे के बाद पिछले पांच दिनों से अपोलो अस्पताल में उसका इलाज चल रहा था। दूसरी तरफ रेलवे प्रशासन और ठेकेदार से मदद नहीं मिलने से नाराज परिजनों ने डीआरएम ऑफिस के सामने धरना-प्रदर्शन भी किया और पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग की। उन्होंने मदद नहीं मिलने पर अब उग्र आंदोलन करने की चेतावनी भी दी है। इधर हाईकोर्ट ने मामले में संज्ञान लेते हुए गुरुवार को रेलवे जीएम और रेलवे डीआरएम को आनलाइन तलब किया था। उस दौरान मजदूर की मौत की सूचना नहीं आई थी।

- रेलवे प्रशासन और ठेकेदार के खिलाफ आक्रोश भड़क गया

इस हादसे में श्रमिक की मौत के बाद परिवार की जिंदगी पूरी तरह बदल गई है। पिछले 5 दिनों से उसका इलाज चल रहा था लेकिन, रेलवे प्रशासन और ठेकेदार ने अब तक प्रताप बर्मन और उसके परिवार को किसी तरह से आर्थिक सहायता नहीं दी है। इसके चलते रेलवे प्रशासन और ठेकेदार के खिलाफ आक्रोश भड़क गया है। सिरगिट्टी टीआई किशोर केंवट ने बताया कि हादसे में बुरी तरह से झुलसे श्रमिक का अपोलो अस्पताल में इलाज चल रहा था। गुरुवार की सुबह अस्पताल से सूचना मिली कि इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई है। जिसके बाद पुलिस अस्पताल पहुंची। इसके बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सिम्स लाया गया, जहां पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है।



### अब तक पीड़ित परिवार को कोई मदद नहीं

ज्ञात हो कि जांजगीर-चांपा जिले के मुलमुला निवासी प्रताप बर्मन रेलवे में ठेका श्रमिक था। वो कोचिंग डिपो में इलेक्ट्रिशियन का काम कर रहा था। 23 अगस्त को वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के एक्स्ट्रा कोच का एसी सुधारते समय प्रताप बर्मन ओएचई तार की करंट की चपेट में आ गया, जिससे उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजन का आरोप है कि, बिजली सप्लाई बंद किए बगैर ही प्रताप को कोच के ऊपर चढ़ा दिया गया था। सुरक्षा से खिलवाड़, अफसर और ठेकेदार की लापरवाही के चलते ये हादसा हुआ। हादसे के बाद बुरी तरह से झुलसे प्रताप को अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इस हादसे के बाद परिजन और समाज के लोगों में रेलवे प्रशासन और ठेकेदार के खिलाफ आक्रोश है। वजह यह है कि अब तक पीड़ित परिवार को कोई मदद नहीं मिली है।

### रेलवे और ठेकेदार ने हाथ खड़े कर दिए

याचिका में सुनवाई के दौरान बात सामने आई कि घटना के बाद रेलवे प्रशासन और ठेकेदार ने जिम्मेदारी से हाथ खड़े कर दिए हैं। परिवार को न्याय दिलाने की मांग भी की गई। श्रमिक प्रताप बर्मन के परिवार को मुआवजा देने और नौकरी की व्यवस्था करने की मांग भी की गई। इधर परिजनों का आरोप है कि, रेलवे में इलेक्ट्रिक विभाग में काम के लिए सुरक्षा के कड़े नियम है। चाहे रेलकर्मी हो या फिर ठेका श्रमिक, उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी रेल प्रशासन की है। रेलवे में काम के दौरान सुरक्षा के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं लेकिन, श्रमिक की जान बचाने के लिए कोई प्रयास नहीं किए गए। रेलवे में सीधे तौर पर श्रम कानून का उल्लंघन किया जा रहा है। रेलवे के अधिकारी ठेकेदार को बचाने का प्रयास कर रहे हैं। मांग है कि इस हादसे के लिए जवाबदेही तय की जाए और दोषी रेल अफसरों के साथ ही ठेका कंपनी पर सख्त कार्रवाई की जाए।

### परिजनों ने की 1 करोड़ मुआवजे की मांग

#### शुक्रवार को पीएम के बाद शव परिजन को सौंपा जाएगा

हाईटेंशन ओएचई में झुलसे युवक की गुरुवार की सुबह मौत हो गई। अपोलो हास्पिटल में पंचनामा और अन्य दस्तावेज कार्य के बाद शाम को युवक का शव जिला अस्पताल लाया गया, जहां शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन के सुपुर्द किया जाएगा।

- अपोलो से लाया गया जिला अस्पताल, पोस्टमार्टम होगा आज

घायल युवक के परिजन ने कोचिंग डिपो के एसएससी के खिलाफ सिरगिट्टी थाने में लिखित शिकायत करते हुए कड़ी कार्रवाई करने मांग करने के साथ रेल प्रशासन से 1 करोड़ रुपए मुआवजा देने मांग की। गुरुवार की सुबह घायल युवक की अपोलो में उपचार के दौरान मौत हो गई है। युवक की मौत के बाद परिजन ने हंगामा मचाना शुरु कर दिया है। दूसरी ओर रेलवे की ओर से मुआवजा देने से इनकार किया जा रहा है। इस मामले में रेलवे के सीनियर डीसीएम अनुराग कुमार सिंह का कहना है कि ओएचई में झुलसे युवक के परिजन पहले 50 लाख रुपए की मांग कर रहे थे, जिसके निधन होने के बाद एक करोड़ रुपए मुआवजा और नौकरी की मांग पर अड़ गए हैं। युवक निजी कंपनी का कर्मचारी था, इसलिए रेलवे के नियम में ऐसा कोई भी प्रावधान नहीं है। हाईकोर्ट अगर कोई आदेश करता है तो उसमें आगे कार्रवाई की जाएगी।



कोचिंग डिपो में काम कर रहा युवक ओएचई की चपेट में आया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोचिंग डिपो में ट्रेन के ऊपर चढ़कर काम कर रहे एक प्राइवेट कर्मचारी ओएचई करंट से झुलस कर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए सिम्स रिफर किया गया है, यहां से उसे अपोलो हास्पिटल रिफर कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार 23 अगस्त को कोचिंग डिपों में ट्रेन की

- युवक को सिम्स से अपोलो हास्पिटल रिफर किया

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

# डाक्टर की पर्ची के आधार पर ही मिलेगी दवा

**बिलासपुर।** शहर के बीच जूनी लाइन इलाके में नशेड़ियों का जमावड़ा और खुलेआम नशे की दवाओं के सेवन पर हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है। गुरुवार को हुई सुनवाई में जिला कलेक्टर और एसपी बिलासपुर ने शपथपत्र पेश किया। मीडिया रिपोर्ट पर संज्ञान लेते हुए चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस बिभु दत्ता गुरु की डिवीजन बेंच ने इसे जनहित याचिका मानते हुए सुनवाई शुरू की है। कोर्ट ने बिलासपुर कलेक्टर और एसएसपी को निर्देश दिया था कि वे पूरे मामले पर व्यक्तिगत शपथ पत्र दाखिल करें।

- हाईकोर्ट ने लिया संज्ञान

शुक्रवार को चीफ जस्टिस की डीबी में हुई सुनवाई में जिला कलेक्टर की ओर से जो शपथपत्र पेश हुआ उसके अनुसार फ़ूड व ड्रग्स एडमिनिस्ट्रेशन और पुलिस एडमिनिस्ट्रेशन को संयुक्त अभियान चलाने का निर्देश दिया गया था। इसमें देखा गया कि, कुछ फार्मेसियों में शेड्यूल एच – 1 का रजिस्टर मेंटेन नही हो रहा है। कई स्थानों पर सेल्स रिकार्ड भी नहीं रखा जा रहा है। इस मामले में कार्रवाई कि जाएगी। बिलासपुर के साथ मुंगेली , जीपीएम जिले और कोरबा में फार्मासिस्टस को निर्देशित किया गया है कि, 1945 एक्ट के अनुसार निडिल और सीरिंज अलग अलग नहीं देना है। सिर्फ डाक्टर की पर्ची के आधार पर ही निडिल , सीरिंज व इंजेक्शन दिए जाएंगे। इस आशय की सूचना भी दवाई दुकानों में लगवाई गई है।

# गार्ड ने लगाया इंजेक्शन, सुरक्षा एजेंसी का ठेका समाप्त

**बिलासपुर।** जिला अस्पताल में नर्स की जगह गार्ड द्वारा मरीज को इंजेक्शन लगाने के मामले को हाईकोर्ट ने गंभीरता से लिया है। सीएमएचओ व सिविल सर्जन को शासन के नोटिस के बाद इस संदर्भ में आगे क्या कार्रवाई की जा रही है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की बेंच ने कलेक्टर गरियाबंद को इस संदर्भ में जानकारी देने था।

- कलेक्टर ने पेश किया शपथ पत्र

कलेक्टर की ओर से पेश शपथ पत्र में बताया गया कि गार्ड को इंजेक्शन लगाने के लिए किसी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी या कर्मचारी द्वारा नहीं कहा गया था। गार्ड ने स्वयं ही इंजेक्शन लगा दिया है। लापरवाही के कारण गार्ड और सुरक्षा एजेंसी दोनों को हटा दिया गया है। हालांकि हाईकोर्ट इस जवाब से पूरी तरह संतुष्ट नहीं हुआ और सवाल किया कि आखिर ऐसा कैसे हो सकता है। यह तो और बड़ी लापरवाही है कि स्वास्थ्य कर्मी नहीं बल्कि कोई बाहरी व्यक्ति इलाज कर रहा। गुरुवार को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने जिला अस्पताल में ऐसी चूकों की पुनरावृत्ति रोकने के लिए किए गए उपायों की भी जानकारी मांगी थी। शासन की ओर से कहा गया कि सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत करने के साथ ही सभी बातों पर ध्यान दिया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि गरियाबंद जिला अस्पताल में मरीज को नर्स की जगह गार्ड ने इंजेक्शन लगा दिया था। इसकी खबर प्रकाशित होने के बाद हाईकोर्ट ने इस पर संज्ञान लिया है। यह घटना तब प्रकाश में आई जब एक पूर्व पार्षद, जो अपने भतीजे के साथ इलाज के लिए गए थे। उन्होंने इस कृत्य को कैमरे में कैद कर लिया और तस्वीर प्रसारित कर दी, जो जल्द ही वायरल हो गई।

# सिम्स के सामने ठेलेवालों का कब्जा

**बिलासपुर।** करोना चौक से गोंड़पारा जाने वाले मुख्य मार्ग में कब्जा हो चुका है। ठेले, गुमटी और अघोषित आटो रिक्शा स्टैंड होने के कारण सिम्स पहुंचने वाले मरीजों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, हालत यह है कि रोजाना सिम्स में आने व जाने वाले एम्बुलेंस इसी मार्ग से परिवहन करते हैं, लेकिन जाम की स्थिति के कारण रोजाना फंसते हैं। इसे लेकर यातायात और नगर निगम के अधिकारी मौन साधे बैठे हैं।

सिम्स में इलाज के लिए पहुंचने वाले मरीजों का सामना कई मुसीबतों से हो रहा है, सड़क से लेकर परिसर और ओपीडी तक पहुंचने में कई चुनौती मरीजों के सामने आती है। दरअसल सिम्स





सड़क पर अघोषित कब्जा हो चुका है। नगर निगम की अनदेखी के कारण सिम्स के बाहर ठेले और गुमटियां लगी रहती हैं।

पान ठेले, गुमटियां नुमा होटल और ई रिक्शा की भीड़ सड़क को जाम कर रही हैं। इसके साथ ही सड़क के एक हिस्से पर निजी एम्बुलेंस का कब्जा हो चुका है। इसे लेकर यातायात विभाग एक दो बार कार्रवाई कर चुका है, लेकिन फिर वहीं ढर्रा बना हुआ है। खास बात यह है कि इसी सड़क पर यातायात विभाग के अधिकारी और कर्मचारी दोपहिया वाहनों से वसूली करते हुए चालान काटते हैं, लेकिन एम्बुलेंस को हटाने को लेकर कार्रवाई नहीं की जाती है।

# एसईसीएल के रिटायर्ड कर्मचारी को 3 महीने तक किया डिजिटल अरेस्ट

**बिलासपुर।** सरकंडा क्षेत्र में जालसाजी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। ठगों ने खुद को सीबीआई अधिकारी बताकर 72 वर्षीय रिटायर्ड एसईसीएल कर्मचारी को तीन महीने तक डिजिटल अरेस्ट में रखा और इस दौरान उनसे एक करोड़ नौ लाख रुपये की वसूली कर ली। घटना का खुलासा 6 महीने बाद तब हुआ जब वृद्ध का बेटा घर लौटा और पिता ने पूरी घटना की जानकारी दी।

सरकंडा थाना प्रभारी निलेश पांडेय ने बताया कि मोपका पाटलीपुत्र कॉलोनी निवासी पुरुषोत्तम दुबे एसईसीएल के रिटायर्ड कर्मचारी हैं। जनवरी में उनके मोबाइल पर अनजान नंबर से फोन आया। कॉल करने वाले ने खुद को सीबीआई अधिकारी बताते हुए आरोप लगाया कि नौकरी के दौरान

**1 करोड़ 9 लाख की ठगी**

उन्होंने गड़बड़ी की थी और अब इसकी जांच चल रही है। वीडियो कॉल पर सामान्य पूछताछ के बाद ठगों ने जांच से बचाने के नाम पर उनसे लगातार रुपए की वसूली की। जनवरी से मार्च के बीच वृद्ध ने कुल एक करोड़ नौ लाख रुपये जालसाजों को दे दिए। इस दौरान उन्हें मामले की जानकारी किसी को न देने की सख्त हिदायत दी गई थी। बेटे के बाहर होने की वजह से डरे हुए दुबे ने किसी को कुछ नहीं बताया। अगस्त में बेटे के घर लौटने पर उन्होंने घटना का जिक्र किया, जिसके बाद थाने में शिकायत दर्ज कराई गई। सरकंडा पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

आइब्रो, मूंछ दाड़ी के बालों का प्रत्यारोपण
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# चाकू दिखाकर युवक से मारपीट कर अंडा ठेला में तोड़फोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बीती रात रामसेतु के पास युवकों ने आतंक मचाते हुए युवक से मारपीट कर अंडा ठेला में तोड़फोड़ की, पुलिस ने इस मामले में 4 युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के द्वारा क्षेत्र जुलूस निकालने के बाद युवकों को कोर्ट में पेश किया गया है।

- 4 युवक गिरफ्तार
- आरोपियों का निकाला गया जुलूस

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, हुण्डई चौक निवासी संतोष आहुजा



पिता प्रभातमल आहुजा 32 साल रामसेतु के पास अंडा ठेला लगाता है। बुधवार की रात बाइक सवार युवक आए और चापड़ दिखाकर युवक से मारपीट कर अंडा ठेला में जमकर तोड़फोड़ कर दहशतगर्दी मचाई। जिससे आसपास क्षेत्र में हड़कंप मच गया था। संतोष आजुआ ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। टीआई निलेश पाण्डेय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए रात में दबिश देकर हमलावर मो. शोएब उर्फ गोलू पिता मो. फिरोज 19 साल चाटापारा बृहस्पतिबाजार, अमन सोनकर पिता स्व. ओम प्रसाद सोनकर 26 साल दयालबंद , हिमेश साहू उर्फ राहुल पिता मेघनाथ साहू 19 साल सुभाष चौक चिंगराजपारा, दीनू उर्फ दउवा साहू पिता बुधारू साहू 25 साल श्यामनगर लिंगियाडीह निवासी को पकड़कर दो चाकू बरामद किया है। पुलिस ने बीएनएस की धारा 296, 115, 2, 351, 2, 3, 5, 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत युवकों को गिरफ्तार कर पूरे क्षेत्र में जुलूस निकालकर उन्हें कोर्ट में पेश किया गया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 14,500/-
9 रात व 10 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
श्री त्रियुगीनारायण-(भगवान शिव व माता पार्वती का विवाह स्थल )
श्री तुंगनाथ महादेव- (विश्व का सर्वोच्च शिव मंदिर-चंद्रशिला चोटी के पास)
6 सितंबर, 17 सितंबर, 29 सितंबर, 5 अक्टूबर 2025, 4 मई 2026
अन्य दर्शन- काशीविश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन, (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग) माना गांव-भारत का अंतिम गांव, धारी देवी, चोपता
राशिः- स्टैंडर्ड पैकेज 14,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411